हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025



# शक्ति दिवस पर जनजातीय समाज के योगदान को सीएम ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को छुरिया विकासखंड के ग्राम गोड़लवाही में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के शक्ति दिवस, शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक मूर्ति अनावरण, बिरसा मुंडा 150वीं जन्म शताब्दी एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक की मूर्ति का अनावरण तथा 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार रुपए की लागत से निर्मित हायर सेकंडरी स्कूल भवन एवं 1 करोड़ 52 लाख 97 हजार रूपए की लागत से निर्मित 50 सीटर प्री मैट्रिक छात्रावास भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक की मूर्ति का किया अनावरण

### आजादी की जलाई मशाल

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज का यह अवसर ऐतिहासिक है। परलकोट से अंग्रेजों के खिलाफ शोषण के विरूद्ध आजादी की मशाल जलाई एवं युद्ध का बिगुल फूंका। शहीद गैंदसिंह की सोच के अनुरूप शोषण मुक्त, स्वाभिमानी एवं आत्मनिर्भर जनजातीय समाज की स्थापना हो रही है। जनजातीय समाज से विभिन्न पदों पर सेवाएं दी जा रही है, यह एक अनुशासित समाज है और भगवान राम तथा माता दंतेश्वरी का आशीर्वाद है।



### समाज के संरक्षण के लिए दिया बलिदान

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि आदिवासी समाज स्वतंत्रता के आंदोलन में अग्रिम पंक्ति में लड़ने वाला समाज है। अग्रिम पंक्ति में लड़ने वाला समाज जिसे हम धरती आबा कहते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान धरती आबा बिरसा मुंडा और शहीद वीर नारायण सिंह ने अपनी पूरी संपत्ति समाज के लिए अर्पित कर दिया। पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि आज बिरसा मुंडा 150वीं जन्म शताब्दी को शक्ति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। समाज की संस्कृति के संरक्षण के लिए शहीद गैंद सिंह ने अपना बलिदान दिया।

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में ग्राम गोड़लवाही से ग्राम उमरवाही तथा उमरवाही से करमरी तक सड़क चौड़ीकरण की घोषणा की। उन्होंने गोड़लवाही में नवीन महाविद्यालय स्थापना की घोषणा की। स्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल तथा अटल समरसता भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को गैस कनेक्शन का वितरण किया। उन्होंने कहा कि हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज द्वारा आयोजित शक्ति दिवस, शहीद गैंदसिंह नायक की मूर्ति अनावरण, भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती के अवसर पर शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक को श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी को शक्ति दिवस की बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### गाली-गलौज कर चाकू से हमला, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** पूर्व में गाली-गलौज कर चाकू से युवक पर हमला कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी संजय नायक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 22 अक्टूबर की रात्रि लगभग 7.30 से 8 बजे के मध्य आरोपी शुभम नायक उर्फ उड़ी 27 वर्ष निवासी नया बस स्टैंड जेल रोड द्वारा उनके भाई शंकर नायक के साथ मां-बहन की अश्लील गाली-गलौज करते धारदार हथियार (चाकू) से बाएं जांघ में वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। घटना के पश्चात आरोपी लगभग दो माह से फरार था। जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी। पुलिस ने 25 दिसंबर को आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया एवं उसके मेमोरेंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त एक नग धारदार बटनदार चाकू को गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 जोड़ी गई है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी थाना कोतवाली राजनांदगांव में आपराधिक प्रकरण दर्ज होना पाया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजे जाने हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## माए एंगल




### जिले में जारी सरकारी धान खरीदी में किसानों के साथ अन्याय का आरोप

# खरीदी केन्द्रों में किसानों से अवैध वसूली, बड़े आंदोलन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के विभिन्न धान खरीदी केन्दों में किसानों से हो रही अवैध वसूली के विरोध में आज जिला किसान संघ द्वारा शहर के जयस्तंभ चौक में धरना प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया गया। यहां आयोजित किसान सभा में पहुंचे किसानों ने अपने-अपने क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में हो रही अवैध वसूली के खिलाफ आवाज बुलंद की और एक रैली का आयोजन करते विपणन संघ, एसडीएम एवं सहकारी बैंक को ज्ञापन सौंपा।

धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की उपज बेचने आने वाले किसानों से ट्रैक्टर से उनका धान उतारने के एवज में रुपए लिए जाते हैं, फिर इस धान को खरीदी होने वाली सरकारी बोरे में पलटने के लिए रुपए मांगे जाते हैं।इसके बाद किसानों से उनका धान तौलने के लिए भी रुपयों की मांग होती है और अंत में जब धान की बिक्री हो जाती है तो कुछ समिति प्रबंधकों द्वारा भी किसानों से चाय-पानी के नाम पर रुपयों की अवैध वसूली की जाती है।



### वसूली गई अवैध राशि वापस दिलाने की मांग

प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने इस प्रदर्शन को लेकर कहा कि अपनी 12 सूत्रीय मांगों के तहत पहले ही शासन-प्रशासन को ज्ञापन दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आज के प्रदर्शन की प्रमुख मांग है कि धान खरीदी केन्द्रों में अनलोडिंग और पलटी के नाम से अवैध वसूली हो रही है, जिसे रोका नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से किसानों से अवैध वसूली जारी है। इस प्रदर्शन के माध्यम से मांग की गई है कि किसानों से वसूली गई अवैध राशि वापस दिलाया जाए। वहीं उन्होंने आंदोलन के माध्यम से चेतावनी देते कहा कि किसानों के मुद्दों को लेकर अब निर्णायक लड़ाई की ओर अगला कदम होगा। उन्होंने कहा कि जनवरी माह में किसानों द्वारा यहां एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### क्विंटल पीछे 25 रुपए की अवैध वसूली

प्रदर्शन में पहुंचे किसानों ने बताया कि धान उतरने से लेकर तौलने तक लगभग 14 प्रति बोरा देना पड़ता है। किसानों ने बताया कि अंजोरा सोसाइटी में एक क्विंटल धान बेचने के पीछे किसानों से 25 रुपए अनलोडिंग और तौलाई के नाम पर लिया जाता है। वहीं कन्हारपुरी सोसाइटी में 7 रुपए प्रति बोरा, रानीतराई और सुरगी सोसाइटी में 8 रुपए प्रति बोरा, गठुला सोसाइटी में 11 प्रति बोरा लिया जा रहा है। अवैध वसूली को लेकर आयोजित किसानों के प्रदर्शन के दौरान मोती सिन्हा, मदन साहू, केशवराम निर्मलकर सहित अन्य शामिल हुए।

# असहाय महिला के साथ अपराध, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



घर में अकेली पाकर मानसिक रूप से असहाय महिला से गंभीर अपराध के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी सुरगी क्षेत्र अंतर्गत धारा 64(2)(के), 63(सी), 74, 332 भारतीय न्याय संहिता के प्रकरण में आरोपी धर्मेंद्र यादव 45 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। प्राप्त आवेदन के आधार पर आरोपी के विरुद्ध उपरोक्त धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस चौकी सुरगी द्वारा त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### घर में अकेली थी महिला

पुलिस के अनुसार 24 दिसंबर को प्रार्थी द्वारा चौकी सुरगी में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें उल्लेख किया गया कि 22 दिसंबर को सुबह 9 से 2 बजे के मध्य उसकी बड़ी बहन, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है, को आरोपी द्वारा घर में अकेला पाकर उसकी मानसिक स्थिति का अनुचित लाभ उठाते हुए अनधिकार प्रवेश कर उसके साथ गंभीर एवं जघन्य अपराध कारित किया गया।

# सफर-ए-शहादत पर संगोष्ठी सभा गुरुद्वारा साहिब से निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धर्म की रक्षा के लिए अपनी शहादत देने वाले गुरू गोविंद सिंह के दो साहबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को नमन करने के लिए वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। शहर के गुरूद्वारा साहिब के समीप सफर-ए-शहादत का आयोजन करते संगोष्ठी सभा की गई, जहां छोटे साहिबजादों के बलिदान को नमन किया गया। इस अवसर पर शहर के गुरूद्वारा साहिब से शहादत को नमन करने रैली निकाली गई। इस रैली में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग शामिल हुए।

गुरू गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की शहादत को स्मरण करने के लिए वीर बाल दिवस के अवसर सफर-ए-शहादत का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से बताया गया कि किस तरह से मुगल शासक द्वारा धर्म परिवर्तन करने के लिए 9 साल के जोरावर सिंह और 7 साल के फतेह सिंह पर दबाव बनाया गया, उन्हें यातनाएं दी गई, लेकिन उन्होंने धर्म परिवर्तन करने से इनकार कर दिया, तो मुगल शासक ने उन्हें जिंदा दीवारों में चुनवा दिया। सनातन धर्म की रक्षा के प्रति दिए गए उनके इस बलिदान को आयोजन के माध्यम से नमन किया गया और उनकी वीर गाथा को बताया गया।



### शहादत को नमन करने झांकी

सफर-ए-शहादत के अवसर पर पैदल मार्च का आयोजन किया गया। यह रैली गुरूद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर महाकाल चौक, गुड़ाखू लाइन, महावीर चौक होते हुए गुरूद्वारा पहुंचकर संपन्न हुई। शहर के गुरूद्वारा परिसर से निकली इस रैली में साहिबजादों की शहादत को नमन करने झांकी बनाई गई थी । जिसमें मुगल शासकों द्वारा दी गई यातनाओं को दर्शाया गया।

### संगोष्ठी में त्याग-बलिदान का स्मरण

पैदल मार्च के पश्चात गुरूद्वारा गुरू सिंग सभा में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी सभा का आयोजन किया। गुरू दी संगत वेलफेयर सोसाइटी एवं गुरू सिंग सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सभा में गुरू गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के साहस, त्याग एवं बलिदान पर प्रकाश डाला जाएगा।




### अगले दो दिनों में और लुढ़केगा न्यूनतम तापमान

# उत्तरी हवाओं ने बढ़ाई ठंड, रात-दिन के तापमान में 21 डिग्री का अंतर, छा रहा धुंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण अंचल में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आलम यह है कि राजनांदगांव सहित दोनों नए जिलों में शीतलहर का असर बना हुआ है। अंचल में रात का तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। दिन और रात के तापमान में 21 डिग्री का अंतर देखने को मिला।



जिसका सीधा असर लोगों की सेहत पर दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन ठिठुरन में इजाफा हो सकता है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में लगभग 1-2 डिग्री की गिरावट के साथ ठंड बढ़ने की संभावना जताई है। साथ ही कुछ इलाकों में शीतलहर और कोहरे का असर भी देखने को मिल सकता है। विभाग ने यह भी बताया कि मौसम में कहीं कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटे में अविभाजित जिले में राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

ठंड की वजह से हाइपोथर्मिया की शिकायत भी बढ़ रही है। ज्ञात हो हाइपोथर्मिया एक लाइफ थ्रेटनिंग इमरजेंसी स्थिति है। इसमें शरीर का सामान्य तापमान 98.6 फॉरेनहाइट से नीचे चला जाता है। तापमान गिरने पर शरीर सामान्य रूप से काम नहीं कर पाता और धीरे-धीरे उसके अहम अंगों की कार्यक्षमता प्रभावित होने लगती है।

### परिवहन विभाग भी एक्टिव

बढ़ती ठंड और धुंध को देखते हुए अब शासकीय विभाग भी अलर्ट हो गए है, जहां परिवहन विभाग ने धुंध को देखते हुए सड़क हादसे से बचने एडवाइजरी जारी की है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी कर चेतावनी दी है कि अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि शीतलहर के दौरान आवश्यकता होने पर ही यात्रा करें और बाहर निकलते समय पूरी तरह गर्म कपड़े पहनें।

### सेहत पर दिख रहा असर

दिन और रात के तापमान में बढ़ा अंतर होने का सीधा असर लोगों की सेहत पर दिखाई दे रहा है। कड़ाके की ठंड का असर बच्चों की सेहत पर भी पड़ रहा है। बीते एक महीने में हाइपोथर्मिया के कई मामले सामने आ चुके हैं। वहीं ठंड के चलते अस्पतालों की ओपीडी में वायरल फीवर, सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

## खबर संक्षेप

### सामाजिक भवन के लिए 13 लाख स्वीकृत



**तुमड़ीबोड़।** खपरीकला में साहू समाज के परिक्षेत्रीय भवन के लिए 6.50 लाख एवं झिटिया के लिए 6.50 लाख की स्वीकृति विधायक दलेश्वर साहू ने दिलाई है। विधायक निवास पर परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों ने स्वीकृति दिलाने के लिए विधायक साहू का धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक साहू ने विधानसभा क्षेत्र के शत प्रतिशत ग्रामो मे सामाजिक भवन बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, मीलूराम साहू, सत्यप्रकाश साहू, निवेदन साहू, ओमेश साहू, उत्तराबाई साहू, पिताम्बर साहू, परमानंद साहू, अशोक साहू, दयाराम साहू, नेमीचंद साहू आदि मौजूद थे।

### गांवों की सड़कों ने तोड़ा दम



**बेलगांव।** अंचल के विभिन्न गांवों की सड़क अत्यंत खराब हो गई है। ग्रामीण कई बार मरम्मत कराने या नई सड़क बनवाने की मांग कर चुके है लेकिन अब तक इस दिशा में विभाग एवं जन प्रतिनिधियों ने पहल नहीं की है। जानकारी के अनुसार हरनसिंगी से जटकन्हार, धुसेरा से नागतराई, बेलगांव से कटली कलकसा, मोहारा से सुकुलदैहान, कोलेंद्रा से रिवागहन देवकट्टा, बड़े कुसमी से छोटे कुसमी माड़ीतराई, ढारा से मुड़ीपार, डोंगरगढ़ से खैरागढ़ रोड स्थिति बद से बदतर हो गई है। इन सड़कों से आवागमन करने वाले लोगों एवं बच्चों को अधिक परेशान होना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि सड़क की दुर्दशा के विरोध में कुसमी के ग्रामीण विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। अधिकारियों के समझाने पर वह मतदान करने राजी हुए थे किन्तु अब तक सड़क का जीर्णोद्धार नहीं हो सका है।ग्रामीणों ने अधिकारियों से सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है।

### बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति ने लुभाया



**मुरमुंदा।** अजीज पब्लिक स्कूल रामाटोला में गत दिनों वार्षिक उत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अजीज ग्रुप ऑफ स्कूल की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तनाज अजीज थी। कार्यक्रम में सचिनपाल सिंह ठाकुर, शिवम यादव, अश्विनी वर्मा, हिमांशु तिवारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वधर्म प्रार्थना से हुई। वार्षिक उत्सव में छावा, महाकाली, शैतान, नारी शक्ति जैसे डांस ने सबको आकर्षित किया। बच्चों ने विभिन्न राज्यों के नृत्य प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों ने जोकर, हेराफेरी की प्रस्तुति से दर्शकों को खूब हंसाया। नर्सरी, केजी 1, केजी 2 के नन्हे बच्चों ने मोबाइल के लाभ- हानि के साथ इंडिया वूमेन क्रिकेट टीम को डांस समर्पित किया। पुराने गानों पर नए अंदाज में नृत्य प्रस्तुत किया गया। कोरियोग्राफर डांस शिक्षिका वर्षा नायडू, कला शिक्षक वेदराम ढीमर थे। अंत में उप प्राचार्य तन्मय शर्मा ने आभार प्रकट किया।

### नशा से दूर रहने किया जागरूक



**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में गत दिनों मद्य निषेध दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली तथा पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो व्यक्ति के अमूल्य जीवन को समाप्त कर देती है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई। जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्त रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. नवीन राजपूत, रितेश बंजारे, रविप्रकाश चतुर्वेदी, पूजा देवांगन, नेमू साहू, मासूम वर्मा, डॉ. साधना देवांगन, अंजलि रामटेक्कर, शिवम वैष्णव, वासु दुबे, अश्विन गौतम शामिल हुए।

### उच्च संस्कारों से कराया अवगत



**एलबी नगर।** संत आशारामजी बापू की प्रेरणा से बाल संस्कार सेवाधारियों ने उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन किया। शिविर में बच्चों को संस्कार, सदाचार, खेल , स्मरण शक्ति वर्धक प्रयोग, तुलसी महिमा, ध्यान, जप, कथा, चुटकुला, भजन, कथा के माध्यम से ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कुमारीबाई साहू खिलेश्वरी साहू, नमूलाल साहू, संगीता सिन्हा, माहेश्वरी यादव, मुकुंद साहू, सौरभ साहू, कनिका नंदेश्वर, वंदना नंदेश्वर शामिल हुई।

### ग्रामीणों ने मनाया सुशासन दिवस

**जेवरतला रोड।** ग्राम पंचायत मुजगहन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर अटल जी के कार्यकाल की उपलब्धियों को उपस्थित जनसमुदाय के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम में सरपंच नीरा हिरवानी, ललित हिरवानी, योगराम साहू, लीलाराम साहू, नेमचंद साहू, सत्येन्द्र ठाकुर, हेमदास हिरवानी, दुलार साहू, छमिया ठाकुर, सरोज सिन्हा, कलिन्द्री ठाकुर, सुखनाथ सिन्हा, झगरु यादव, मन्नू सिन्हा आदि शामिल हुए। संचालन ललित हिरवानी ने किया।

## निधन



### उर्मिला साहू

**पटेवा।** पटेवा निवासी 74 वर्षीय उर्मिला साहू का 26 दिसम्बर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वह पूर्व जनपद पंचायत सदस्य राकेश कुमार साहू, ममता साहू, उमेशवरी साहू की मां एवं सेवानिवृत्त शिक्षक लखनलाल साहू की पत्नी थी।

### जनप्रतिनिधियों ने व्यक्तित्व और कृतित्व पर डाला प्रकाश

# मुख्यमंत्री साय ने किया अटल परिसर लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में पुराने अस्पताल के पास बने अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपायी की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्चुअल किया। नगर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर की उपस्थिति में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, हरविंदरसिंग मंगे, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेन्दर सिंग बन्नोआना, तरूण हत्थेल, सीएमओ खिलेन्द्र भोई ने प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय सहित अन्य अतिथियों के उदबोधन का सभी से श्रवण किया। कार्यक्रम में महेन्द्र अग्रवाल, जसमीतसिंग बन्नोआना, तुलसी मिश्रा, रामकृष्ण कनोजिया, सुनील जैन, विनय बंसल, प्रकाश बिंदल, अचलासिंग, शरद अग्रवाल, विजेन्द्र ठाकुर, सुमित मिश्रा, बिरेन्द्र सोनी, मोहन शर्मा, संतोष चोपडा, कैलाश तिवारी, सरफु खान, रछपालसिंग, डी एकेश राव, सविता दरगड़, विनत यादव, भुवनलाल कौशिक, करनैलसिंग, प्रकाश चौरडिया सहित अन्य उपस्थित थे।




### अफसर ने विधायक से मांगा माफी

अटल परिसर के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने के साथ विधायक को आमंत्रित नहीं करने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा काला झंडा दिखा कर विरोध करने की खबर वायरल होते ही नगर पालिका में हडकंप मच गया। हालांकि अधिकारी ने विधायक से कार्यक्रम के पहले मुलाकत गलती के लिए क्षमा मांगा जिसके बाद कांग्रेस ने अपना प्रदर्शन वापस ले लिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं और वरिष्ठ नागरिकों को भी आमंत्रित नहीं करने पर नाराजगी देखने मिली। कार्यक्रम के लिए बनाये गए पंडाल में बैठने की जगह नहीं मिलने के बाद कई लोग सडक पर खड़े रहे।

# बैंक ने किया अन्नदाता किसानों का सम्मान



■ जैविक खेती अपनाने के लिए किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलगांव

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने एचआरडीपी कार्यक्रम अंतर्गत देवकट्टा में किसान दिवस का आयोजन किया। समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने सहयोग से संचालित समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में किसानों को को सम्मानित करने के अलावा उन्हे कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि पद्मश्री फुलबासन यादव थी। इस अवसर पर महिला युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय, मधु, माया यादव, सरपंच, ग्राम सेवक, जनपद सदस्य आदि उपस्थित थे। श्रीमती यादव ने किसानों को अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए जैविक खेती, मृदा एवं जल संरक्षण, फसल विविधिकरण तथा दलहन एवं तिलहन फसल अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में 95 किसान एवं 70 महिलाएं के अलावा ट्रस्ट के नंदलाल साहू, सोमनाथ चावले, प्रिया आनंद आदि शामिल हुए।

### लोककला महोत्सव आज से

**पटेवा।** इरईकला स्थित अर्धनारीश्वर महादेव धाम में आगामी 27 से 29 दिसम्बर तक छत्तीसगढ लोक महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजक समिति कार्यक्रम की अंतिम तैयारी में जुटी है। आयोजन के पहले दिन 27 दिसंबर को इरईकला, रायपुर, राजनांदगांव, रानीसागर, चीचा, पटपर, 28 दिसंबर को इरईकला, तुड़वाने, पूजा मानस परिवार चिपको की प्रस्तुति होगी।

### जयंती समारोह में शामिल होंगे विस अध्यक्ष डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

ग्राम सांकरा में गुरु घासीदास बाबा की जयंती आगामी 28 दिसंबर को मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह होंगे। इस अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित रखा गया है। कल 27 दिसंबर को आतिश बाजी, धुमाल बैंड के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी। आगामी 28 दिसंबर को सुबह 10 बजे से लोक तिहार महोत्सव की प्रस्तुति होगी। तत्पश्चात चौका, आरती, सुवा नृत्य, युट्बर द्वारा नृत्य, गायन, कर्मा नृत्य, विवाह नृत्य,कवि सम्मेलन, पंथी नृत्य की प्रस्तुति होगी। इसी कड़ी में 29 दिसंबर को को 10 बजे से चौका आरती, पंडवानी ,फाग नृत्य, रामायण, राउत नृत्य, नाचा गम्मत, सुवा नृत्य, कर्मा नृत्य एवं रात्रि में धरती के श्रृंगार का मंचन होगा। यह जानकारी दिनेश देशलहरा ने दी।

# फसल बदलने लामबंद हो रहे गांव के किसान



**चिचोला।** साल दर साल गहराने वाले जलसंकट को देखते हुए गांव गांव के किसान गर्मी के दिनों में धान की जगह चना, मसूर, सरसों, कुसुम, मक्का, गेंहू आदि की फसल लगाने एकजुट हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार गांवों में मुनादी भी हुई है कि गर्मी के दिनों में धान नही बोना है। धान के स्थान पर ऐसी फसल लगाने कहा जा रहा है जिसमें कम पानी की जरूरत होती है। इस निर्णय से कई किसान नाराज है और कई किसान भविष्य को देखते हुए सही बता रहे हैं। उनका कहना है कि वॉटरलेबल दिनो दिन कम हो रहा है। बीते साल नदी- नाले सूखने से पानी की समस्या बढ़ गई थी। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जीपी साहड़े ने बताया कि रबी फसल को सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। शासन ने चना 5875, मसूर 7000, कुसुम 6540, सरसों की कीमत 6200 रूपए तय किया है।

# कांग्रेस अध्यक्षद्वय का आत्मीय स्वागत



**डोंगरगांव।** एक लंबे अंतराल बाद कांग्रेस में हलचल तब दिखाई दी जब शहर में जिला इंका के नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन यादव और जितेंद्र मुदलियार का आगमन हुआ। कांग्रेसजनो ने विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में दोनों अध्यक्षों का आतिशबाजी के साथ स्वागत किया।

नवनियुक्त अध्यक्ष श्री यादव तथा श्री मुदलियार ने राजीव चौक में पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कांग्रेस भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्वागत समारोह का आयोजन किया। विधायक दलेश्वर साहू की उपस्थिति में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में वक्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष यादव के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में संगठन अधिक सशक्त होगा तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। विधायक श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियाँ आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और संगठन की एकजुटता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। अंत में कांग्रेसजनों ने संगठन अधिक मजबूत बनाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# हिन्दू सम्मेलन का आयोजन



**छुरिया।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पूर्ण होने पर नगर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में नगर सहित 10 ग्रामों के ग्रामीण शामिल हुए। वक्ता के रूप में जितेंद्र शर्मा, अभय वाजपेयी, अनिल श्रीवास्तव, रमेश पड़ौती, ब्रम्ह कुमारी तरूणा, देव कुमार साहू शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित सम्मेलन में शत्रुहन चंद्रवंशी, रामदास मानिकपुरी, सुरेश पड़ोती, आनंद सिन्हा, चंदूराम साहू , टहल साहू, लखन यादव, केज़उ कोर्राम, मुरली यादव, धनेशराम, टीकम साहू, राधेश्याम शर्मा, हरभजन मंडावी, महेश साहू, मदन देवांगन, संतोष कुंभकार, संगीता यादव, मनीषा यदु, मुनुर वैद्य, लक्ष्मी राजपूत, लोमिन साहू, लता साहू, बिसन निषाद, भूषण नेताम, सीमा सिन्हा, टामेश्वर कुंभकार, ललिता कुंभकार, सलूजा कोमरे, बिंदुलता साहू, गौरी सिन्हा आदि शामिल हुए।

# अन्त्योदय के लिए काम करें जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए कभी भी समझौता नहीं किया और वह हमेशा अपने आदर्शों पर अडिग रहकर आगे बढ़ते गए। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राजनीति से जुड़े लोगों को अपने स्वार्थ को किनारे कर अन्त्योदय के लिए काम करना चाहिए।

उक्ताशय के विचार जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने अटल परिसर में आयोजित जयंती कार्यक्रम में व्यक्त किए। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के मौके पर नगर में नवनिर्मित अटल परिसर का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से वर्चुअल अनावरण किया।


इस दौरान श्री गांधी ने बताया कि अटल जी एक ऐसे स्पष्टवादी मिलनसार नेता थे जिन्हें विपक्ष भी पसंद करता था। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने बताया कि अटल ने रायपुर की एक सभा में छत्तीसगढ़ राज्य बनाने का वादा किया था जिसे उन्होंने पूरा भी किया। पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने अटल जी को याद करते हुए बताया कि उनकी पहचान निर्भीक निर्णय करने में नेता के रूप में रही है। उन्होंने देश हित को ध्यान में रखते हुए पोखरण में सफल परीक्षण किया। सभा को अंजू त्रिपाठी, राजेंद्र ठाकुर ने भी संबोधित किया। वहीं कवि गजेन्द्र हरिहरनो ने अटल जी की कविताओं का पाठ किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, स्वरूपचंद जैन, गुलशन हिरवानी, धनराज ठाकुर, अरूण जैन, रामकुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार शर्मा, संतोष यादव, मनोज हेमनानी, मुन्ना वैष्णव, डीकेश साहू, हेमंत चोपड़ा, सतीश पांडेय, हरि मालेकर, पुरुषोत्तम साहू, मनबोधी पटेल, लीलाधर मंडलोई, राजा जैन, लक्ष्मी सेन, पद्मिनी ठाकुर, गायत्री यादव, निर्मला मालेकर, रितु सोनकर, ममता ऊके, हिना मंगल जैन, महेश्वरी गंजीर उपस्थित थे।

### वीर बाल दिवस पर डोंगरगढ़ में निकली स्मरण यात्रा, सभी समुदाय के लोग शामिल

# साहिबजादों के बलिदान को लोगों ने किया श्रद्धा के साथ नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव





भाजपा मंडल अध्यक्ष दीना पटेल के नेतृत्व में वीर बाल दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महान गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे जोरावर सिंह, फतेह सिंह के शौर्य और बलिदान को स्मरण करते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण गुप्ता, स्वरूपचंद जैन, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, अंजू त्रिपाठी, संतोष यादव, हेमंत चोपडा, सतीश पांडे, मनोज हेमनानी, योगेश पटेल, प्रफुल्ल जैन, पुरुषोत्तम साहू, कोमल साहू, लक्ष्मीनारायण सेन, दुर्गेश, ममता उइके, रितु सोनकर, हरि मालेकर, महेश्वर साहू सहित अन्य शामिल हुए।

**डोंगरगढ़।** गुरू सिख सभा के तत्वावधान में चार साहिबजादों के बलिदान दिवस के मौके पर स्मण यात्रा के रूप में रैली निकालकर श्रध्दांजलि अर्पित किया है। गुरू गोविंद सिंग के चार पुत्र बाबा अजीत सिंग, बाबा जुझार सिंग, बाबा जुरावर सिंग, बाबा फतेह सिंग ने धर्म परिवर्तन के विरोध में अपना बलिदान दिया था। स्मरण यात्रा के माध्यम से सिख समुदाय के प्रमुखो ने उनकी गाथा को चौक चौराहो में प्रमुखता से रखा। यात्रा में सिख समाज, हिंदु संगठन के अलावा धार्मिक सामाजिक व राजनितिक, समाज सेवी लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। यात्रा बुधवारी गुरूद्वारा से निकल कर रेल्वे चौक, खंडुपारा, जय स्तंभ चौक, गोलबजार, जैन मंदिर, बुधवारी पुराना अस्पताल होते हुए पुनः गुरूद्वारा पहुंची।

**तुमड़ीबोड़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 26 दिसंबर वीर बाल दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर थे। अध्यक्षता एसएमडीसी के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि ज्ञानेंद्र सहारे, रेशमलाल पटेल, दयानंद वर्मा थे। शिक्षक थंगेश्वर साहू ने बताया कि वीर बाल दिवस सिर्फ एक दिवस नहीं बल्कि आस्था, साहस और नैतिक अखंडता का प्रतीक है जो यह सिखाता है कि बहादुरी उम्र से नहीं बल्कि प्रेरणा दृढ़ निश्चय एवं दृढ़ विश्वास से आती है। छात्र-छात्राओं ने भाषण,कविताएं आदि की प्रस्तुत किया। इस दौरान चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में वैशाली, देवकी, रोशनी यादव, तामेश्वरी, पीयूष कुमार, रविशंकर आदि भाग लिया। एसएमडीसी अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी, रेशम लाल पटेल ने अपने विचार व्यक्त किए।

### साहिबजादों का बलिदान अनुकरणीय



**अर्जुनी।** स्थानीय महाविद्यालय में 26 दिसंबर को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में दसवें सिख गुरु गोविंद के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत स्मृति में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्र-छात्राओं ने वीर बाल दिवस की महत्ता प्रदर्शित करने रैली निकाली। तत्पश्चात प्राचार्य ने वीर बाल दिवस के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के धर्म के प्रति आस्था, त्याग, बलिदान एवं शहादत का महत्व बताया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में 25 छात्रों ने भाग लिया। संचालन शुभि जैन ने किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन ,डॉ हेमलता, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, कंचन साहू, हिमानी साहू, ओम प्रकाश सहारे, मोनीश खान, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, ज्ञानेश्वर देवांगन आदि शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### नर्मदा में हिन्दू सम्मेलन रविवार को



**सड़क अतरिया।** रविवार को नर्मदा में हिन्दू संगम कार्यक्रम का रखा गया है। आयोजन को लेकर नर्मदा मंदिर परिसर में बैठक आयोजित कर उपस्थित लोगों से विचार विमर्श कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया। बैठक में कार्यक्रम प्रभारी कोमल जंघेल, राधे मोहन वैष्णव, प्रकाश जंघेल, श्रवण जंघेल, नेतराम जंघेल, कन्हैया सोनी, रोहित जंघेल, प्रभुराम वर्मा, चन्द्रमणी चौबे, कृष्णकांत महोबिया, रमेश वर्मा, भीखु हिरवानी, लालचंद पटेल, रमेश जंघेल, तुकाराम साहू, कमलेश मिश्रा, जयकरण, रामावतार साहू, उमाशंकर साहू, मिथलेश पटेल आदि शामिल हुए। कार्यक्रम प्रभारी श्री जंघेल ने बताया कि हिन्दू जनजागरण के लिए हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कलश यात्रा निकाला जाएगा। कार्यक्रम में प्रांत सह समाजिक समरसता प्रमुख प्रकाश यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक प्रभुराम जंघेल, सह संयोजक राधेश्याम सोरी, राधे मोहन वैष्णव है।

### खैरबना में चाय वाले बाबा की भागवत कथा शुरू

**खैरागढ़।** ब्लाक के खैरबना मे गणेश पूजन, भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। चाय वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध कथावचक पंडित नरेंद्र नयन शास्त्री की उपस्थिति मे गणेश पूजन, कलश यात्रा, श्रीमद भागवत स्थापना बाद गोकर्ण कथा का श्रद्धालुओं ने रसपान किया। पूर्वजों की स्मृति में जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी व परिवार द्वारा आयोजित नौ दिवसीय आयोजन मेशनिवार 27 को परीक्षित जनम, रविवार 28 को कपिल मुनि कथा, रति संवाद, ध्रुव चरित्र जड़भरत कथा होगी। सोमवार 29 को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार कथा बाद मंगलवार 30 को कथा स्थल पर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। बुधवार 31 को कृष्ण लीला, गोवर्धन लीला बाद छप्पन भोग की महाप्रसादी चढ़ाई जाएगी। नए साल के पहले दिन गुरूवार 1 जनवरी को बैकुंठ दर्शन, कंस वध, रूक्मणी विवाह, शुक्रवार 2 को द्वारिका दर्शन, सुदामा चरित्र साथ भागवत कथा का सामपन होगा। गीता सार, तुलसी वर्षा, हवन, भोग भंडारा साथ कथा का शनिवार 3 जनवरी को समापन होगा। कथा आयोजक परिवार ने सभी श्रद्धालुओ से चाय वाले बाबा के मुखरविंद से कथा सुनने आमंत्रित किया है।

### कुकुरमुड़ा में अटल की जयंती मनाई गई

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत कुकुरमुडा में शुक्रवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर



अटल के तैल्य चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। सरंपच संतोष यदु अटल बिहारी अविस्मरणीय पलों को याद कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल ने गांव और देश के विकास में गति लाया। इस अवसर पर उपसरपंच जेठिया बाई, हेमा बाई, कुमारी बाई, श्याम लाल पाल, गैंदूराम साहू, गौतम साहू, कमल सिन्हा, पुनाराम साहू, दादूराम साहू, तुलाराम साहू, अर्जून राम पाल, कुमारी बाई, सतीश साहू, भागा बाई, राधिका साहू, रूपेन्द्र वैष्णव, जमुना खुटे, पंचायत सचिव बिन्दिया मानिकपुरी, रोजगार सहायक हेमंत कुमार साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में सामिल हुए। विभाग के निर्देशानुसार क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकनार, खैरा नवापारा, संड़ी, कुकुरमुडा, अतरिया, घिरघोली, मानपुर आदि ग्राम पंचायत में शुक्रवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। ग्राम सभा में मनरेगा के संबंध में विशेष जानकारी देकर अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों की समस्या एवं मांग सुनकर निराकरण का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर सरपंच, पंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामीण शामिल थे।

### विनम्रता से ही जीवन की सार्थकता

**उरईडबरी।** ग्राम में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठे दिन



राजसूय यज्ञ एवं सुदामा चरित्र के प्रेरणादायी प्रसंगों का वाचन किया गया। भगवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने राजसूय यज्ञ का जिक्र करते हुए बताया कि सच्चा ऐश्वर्य और महानता धर्मपालन में है। श्रीकृष्ण द्वारा शिशुपाल वध एवं ब्राह्मणों की सेवा यह संदेश देती है कि धर्म की स्थापना के लिए प्रभु स्वयं लीला करते हैं। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए भागवताचार्य ने बताया कि यह कथा मित्रता, भक्ति और करुणा की अनुपम मिसाल है। निर्धन सुदामा और द्वारकाधीश की मित्रता यह दर्शाती है कि प्रभु के द्वार पर धन, वैभव या आडंबर नहीं, बल्कि निष्कपट प्रेम और भक्ति ही स्वीकार्य होती है। सुदामा के बिना माँगे ही प्रभु द्वारा दिया गया ऐश्वर्य, ईश्वर की करुणा और भक्त वत्सलता का सजीव प्रमाण है। कथा से श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया गया कि जीवन में विनम्रता, सच्ची मित्रता, सेवा और प्रभु पर अटूट विश्वास ही मानव को सार्थक बनाता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन एवं जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय रहा। आयोजकों ने आसपास के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### वीर बाल दिवस, साहिबजादो को किया नमन

**खैरागढ़।** रानी रश्मि देवी सिंह और शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में वीर बाल दिवस मनाया गया।



कार्यक्रम संयोजक सुरेश कुमार आडवाणी ने आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिक्ख संप्रदाय के धर्मगुरु गुरु गोविंद सिंह के पुत्र अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने किस तरह देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होने भारत को वीर बच्चों और महापुरुषों की जन्मस्थली बताते हुए देश की माटी को गर्वोवित करने वाला कहा। दूर्वासा सिन्हा ने बताया कि कैसे सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने अंग्रेजों के लालच और डर को नजरंदाज करते हुए अपने बच्चों को अपनी आंखों के सामने दीवाल पर चुनते देखकर भी नहीं झुके। वीर बच्चों की पूरी कहानी से अवगत कराते हुए देश व धर्म की रक्षा करने प्रेरित किया साथ ही बताया कि 22 से तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे शुरू कराया है। संचालन डॉ उमेंद कुमार चंदेल ने किया और आभार व्यक्त करते हुए डॉ मेधावनी तुरे ने साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान, साहस और धार्मिक स्वतंत्रता के प्रति उनके अडिग संकल्प की चर्चा की। कार्यक्रम में दोनों महाविद्यालय के समस्त शिक्षक सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जंगल में धधक रहे भट्ठे, प्रशासनिक सख्ती कागजों तक सीमित

# लाल ईंट का अवैध निर्माण जारी

## प्रतिबंध के बावजूद ईंट भट्ठे हो रहे संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान विकासखंड में इन दिनों लाल ईंट निर्माण का अवैध कारोबार पूरे शबाब पर है। शासन द्वारा लाल ईंट के निर्माण एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद क्षेत्र के ग्रामीण और वनांचल इलाकों में सैकड़ों की संख्या में अवैध ईंट भट्ठे खुलेआम संचालित हो रहे हैं। हालात यह हैं कि नियम-कानूनों को ताक पर रखकर यह कारोबार बेखौफ जारी है और जिम्मेदार विभाग मौन साधे बैठे हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह अवैध गतिविधियां न तो चोरी-छिपे की जा रही हैं और न ही किसी दुर्गम क्षेत्र में। मुख्य मार्गों के किनारे, खेतों के बीच, जंगल से सटे इलाकों और यहां तक की आबादी के बेहद करीब अवैध ईंट भट्ठे धधकते नजर आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक अधिकांश भट्ठे बिना किसी वैधानिक अनुमति के संचालित हैं। न पर्यावरणीय स्वीकृति ली गई है, न खनिज विभाग से अनुमति और न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों का कोई पालन किया जा रहा है। इसके बावजूद दिन-रात चिमनियों से निकलता धुआं क्षेत्र के पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरे में डाल रहा है।



### प्रशासनिक दबाव बेअसर

कागजों में भले ही खनिज विभाग और प्रशासन द्वारा निरीक्षण और कार्रवाई के दावे किए जा रहे हों, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। अवैध भट्ठे पहले की तरह चल रहे हैं, ईंटों का निर्माण और खुले बाजार में बिक्री बदस्तूर जारी है। यह स्थिति साफ संकेत देती है कि या तो कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है, या फिर अवैध कारोबारियों को किसी न किसी स्तर पर संरक्षण प्राप्त है।

### पर्यावरण और कानून की अवहेलना

लाल ईंट निर्माण से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि उपजाऊ कृषि भूमि भी बंजर होती जा रही है। शासन के स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद यदि यह कारोबार फल-फूल रहा है, तो यह कानून व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब प्रशासन, खनिज विभाग और वन विभाग संयुक्त रूप से ठोस कार्रवाई करेंगे?

### आवास योजना में खप रहे अवैध ईंटें

मामले का सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू यह है कि प्रतिबंधित लाल ईंटों की खपत केवल निजी निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी निर्माण कार्यों में भी इनका खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। यदि शासन की ही योजनाओं में प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग हो रहा है, तो यह न केवल नियमों की खुली अवहेलना है, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### जंगल की लकड़ी से पक रही ईंटें

अवैध ईंट भट्ठों में ईंट पकाने के लिए बड़े पैमाने पर जंगल से लाई जा रही लकड़ी का उपयोग होने की बात सामने आ रही है। इससे एक ओर जहां पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंच रही है, वहीं दूसरी ओर वन संपदा का खुलेआम दोहन किया जा रहा है। जंगलों से लकड़ी कटकर भट्ठों तक पहुंच रही है, लेकिन न तो किसी बड़ी जब्ती की खबर है और न ही वन विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई की। इससे वन विभाग की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है।

## कांग्रेस स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक



**खैरागढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के संयोजन में रविवार 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस समारोह को ऐतिहासिक व स्मरणीय रूप देने जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू की मौजूदगी मे तैयारी बैठक हुई।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, जिम्मेदारियों का निर्धारण और सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई जिसमे नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस को प्रभावी, संगठित और जनसंपर्क से जुड़ा बनाने के लिए अपना अपना सुझाव रखा। कार्यक्रम स्थल, समय-सारणी, आमंत्रण, प्रचार प्रसार और अनुशासन व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी साथ ही यह निर्णय लिया गया कि अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आमजनों की सहभागिता कार्यक्रम में सुनिश्चित की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि स्थापना दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के संविधान, लोकतंत्र और जनहित के लिए किए गए संघर्षों की गौरवशाली विरासत को स्मरण करने का अवसर है। आयोजन को ऐतिहासिक रूप देने के लिए सभी कांग्रेसजन एकजुट होकर पूरी निष्ठा व अनुशासन के साथ कार्य करें क्योंकि संगठन की एकता और मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी शक्ति है। बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील की ताकि स्थापना दिवस का कार्यक्रम ऐतिहासिक बनाया जा सके। इस दौरान शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, ब्लाक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह गोल्डी, नपा उपाध्यक्ष रज्जाक खान, पं मिहिर झा, गुलाब चोपड़ा, अरशद हुसैन, पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा, राधे पटेल, जितेंद्र सिंह गौर, यतेंद्रजीत सिंह छोटू, रविंद्र सिंह गहरवार, समीर कुरैशी, राजा सोलंकी, मनोहर सेन, मनोज बैद, गीता यादव, सुहैल खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने अटल की जयंती पर अर्पित किया श्रद्धासुमन



**बाजार अतरिया।** भारतीय जनता पार्टी के बाजार अतरिया मंडल में भारत रत्न, छग राज्य के निर्माता और देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती श्रद्धा सम्मान साथ मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अटल के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल एक महान राष्ट्रवादी नेता, कुशल प्रशासक, प्रखर वक्ता और संवेदनशील कवि थे।

कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों, विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान हरप्रसाद वर्मा, देवकुमार सेन, केशव चंदेल, राजेंद्र ताम्रकार, डॉ डीसी रॉय, बीनू रजक, नत्थू देवांगन, ईश्वरी यादव, पूर्णचंद गुप्ता, उत्तम वर्मा, नैनदास वर्मा, नितेश उपाध्याय, प्रेमसागर गुप्ता, युवराज साहू, मुकेश वर्मा, दीनाराम वर्मा, धुर्वा वर्मा, पप्पू सिन्हा सहित मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे जिन्होंने वाजपेयी जी के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके सपनों के भारत निर्माण को लेकर समर्पित भाव से काम करने का संकल्प लिया।

### कृषकों को आयल पॉम की खेती पर दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** उद्यानिकी विभाग एवं अम्मा पॉम प्लान्टेशन लिमिटेड द्वारा डोंगरगढ़ के ग्राम लभानिनभाठा में कृषकों को आयल पॉम की खेती के विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आयल पॉम की खेती के साथ-साथ तेल का उपयोग, महत्व एवं खाद्य मूल्य के साथ-साथ इसकी खेती की तकनीकी जानकारी कृषकों को प्रदान की गई।

कंपनी के प्रतिनिधि सिद्धार्थ चंद्राकर द्वारा पौधरोपण से लेकर पौधों की देखरेख, सिंचाई, उत्पादन एवं कुल शुद्ध आय के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी आरके मेहरा द्वारा ऑयल पॉम की खेती हेतु अनुदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ऑयल पॉम की खेती हेतु उद्यानिकी विभाग से शत-प्रतिशत अनुदान पर पौधे कृषकों के प्रक्षेत्र तक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही पौधों के रखरखाव हेतु 21 हजार रुपए तथा अंतवर्तीय फसल रोपण हेतु 21 हजार रुपए एवं ड्रिप स्थापना हेतु 17 हजार 269 रुपए प्रति हेक्टेयर का अनुदान दिया जा रहा है। यदि कृषक 2 हेक्टेयर तक पौधरोपण करता है, तो उसे अतिरिक्त अनुदान नलकूप खनन हेतु 50 हजार रुपए साथ ही पंप प्रतिस्थापन हेतु 27 हजार 500 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। यदि कृषक रोपण के पश्चात फलन उपरांत 3 वर्ष तक आयल पॉम की खेती करता है, तो उसे अतिरिक्त ट्रेक्टर के लिए अनुदान राशि 2 लाख रुपए देय होगा।

## अवैध धान परिवहन, भंडारण पर कार्रवाई, 449 क्विंटल धान जब्त

- अवैध धान भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में मंडी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में अवैध धान भंडारण व व्यापार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व, खाद्य, कृषि उपज मंडी व अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर बड़ी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित धान जब्त किया गया।

जांच दौरान अरचेडबरी में थोक व्यापारी हे राम ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान से मंडी अधिनियम के तहत 80 क्विंटल धान जबत कर संबंधित के सुपुर्दगी में दिया गया। शहर में कुंदलमल कमलेश जैन थोक व्यापारी के मंडी प्रतिष्ठान से वाहन क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 6385 के माध्यम से परिवहन किए जा रहे 100 क्विंटल धान को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त उसी व्यापारी द्वारा वाहन क्रमांक एमएच एके 7720 में लोड 100 क्विंटल धान को भी मंडी अधिनियम के अंतर्गत जब्त किया गया। सोनेसरार में सम्यक ट्रेडर्स नेमीचंद चोपड़ा थोक व्यापारी के वाहन क्रमांक सीजी 15 डीपी 7531 से 140 क्विंटल धान जब्त कर मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में तहसील साल्हेवारा अंतर्गत पोड़ी-साल्हेवारा मोड़ के पास वाहन क्रमांक सीजी 08 एजे 7363 से अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए चालक राहुल कुमार पिता देवन वलगे निवासी निवासपुर जिला कबीरधाम के कब्जे से 29 क्विंटल धान से भरी पिकअप को मौके पर जब्त कर थाना साल्हेवारा के सुपुर्द किया गया। संयुक्त टीम द्वारा इस कारवाई में कुल 449 क्विंटल धान जब्त किया गया। मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कलेक्टर के निर्देशानुसार बिना पंजीयन व नियमों का उल्लंघन कर किए जा रहे अवैध धान भंडारण और व्यापार के मामलों में आगे भी इसी प्रकार सघन जांच व सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## आदेश का उल्लंघन, चार कृषि केन्द्रों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रबी वर्ष के प्रारंभ से ही किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, खाद और कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विक्रय केन्द्रों में सतत निरीक्षण व जांच कार्रवाई की जा रही है। उप संचालक कार्यालय कृषि के निर्देश पर जिले के विभिन्न स्थानों में संचालित कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर चार कृषि केन्द्रों पर विक्रय प्रतिबंध लगाते हुए सामग्री जब्त की गई। साथ ही संबंधित चारों कृषि केन्द्र संचालकों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी के मार्गदर्शन में एसडीओ वीरेंद्र डहरिया व सहायक संचालक लुकमान साहू की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। इस दौरान ब्लाक के मौर्या कृषि केन्द्र, दाउचौरा, सागर कृषि केन्द्र, पिपलाकछार, विकास कृषि केन्द्र और जानवी कृषि केन्द्र गाड़ाघाट में जांच की गई।

जांच दौरान संबंधित कृषि केन्द्रों में स्कंध पंजी का संधारण नहीं होना, स्त्रोत प्रमाण पत्र का अभाव, मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं होना और निर्धारित कैश/क्रेडिट मेमो का संधारण नहीं पाया गया। उक्त कमियों को उर्वरक नियंत्रण आदेश का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए सभी संबंधित कृषि केन्द्र संचालकों को नोटिस जारी किया गया है।

### छुईखदान में कृषि विभाग ने की सख्त कार्रवाई

**छुईखदान।** किसानों की मेहनत से खिलवाड़ करने वालों पर कृषि विभाग ने शिकंजा कस दिया है। छुईखदान क्षेत्र में कृषि विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण कर तीन कृषि केन्द्रों पर एक साथ बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान गायत्री कृषि केन्द्र, अन्नदाता कृषि केन्द्र और कमल कृषि केन्द्र में बिना वैध लाइसेंस व प्रमाण पत्र के जैव उत्प्रेरक का भंडारण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। यह अनियमितता सामने आते ही विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों प्रतिष्ठानों से कुल 2300 किलोग्राम अवैध जैव उत्प्रेरक जब्त कर लिया। जब्त सामग्री की विधिवत जब्ती पंचनामा तैयार कर प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। कृषि विभाग ने दो टूक कहा है कि किसानों को अमानक व नकली कृषि आदान उपलब्ध कराने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, सहायक संचालक लुकमान साहू, शाखा प्रभारी बी लेखेश्वर तिवारी एवं विरेंद्र उपस्थित रहे।



### 10 से 25 फरवरी तक जिले में चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**खैरागढ़।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन अभियान को प्रभावी ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से जिला समन्वय समिति की बैठक जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष व कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने की। बैठक में सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने अभियान की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में यह अभियान 10 से 25 फरवरी 26 तक संचालित चलेगा। 10 से 12 फरवरी तक बूथ स्तरीय दवा सेवन, 13 से 22 फरवरी तक घर-घर भ्रमण बाद 23 से 25 फरवरी तक छूटे हुए व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा। इसके लिए जिले में कुल 781 बूथ व दवा प्रशासक दल गठित किया गया है। प्रत्येक दल में एक मितानिन व एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल है। बूथों का संचालन स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, बस स्टैंडों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने बैठक में सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय व सहयोग के साथ कार्य कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाएं ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त किया जा सके। बैठक में जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, अतिरिक्त कलेक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ विवेक बिसेन, सोनल ध्रुरव, विवेक मेश्राम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 221 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन



- ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी जी राम जी के विषय में कलेक्टर इन्द्रजीत एस चंद्रावल ने शुक्रवार को विशेष ग्राम सभा के माध्यम से जिले के 221 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन से अवगत कराया गया है । दिसंबर 2025 में पारित नया कानून विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन जिसे जी राम जी अधिनियम भी कहा जा रहा है, अब ग्रामीण भारत में रोजगार का नया आधार बन गया है। इस अधिनियम ने 2005 के मनरेगा कानून का स्थान लिया है।

### सोखता गड्ढा के लिए किया गया प्रेरित

ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर, जनपद पंचायत छुईखदान में कलेक्टर इन्द्रजीत एस चंद्रावल द्वारा विशेष ग्राम सभा में पहुचकर नवीन योजना विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) की विस्तृत जानकरी दी। जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक कार्य लेने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही प्रेम कुमार पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा आजीविका डबरी निर्माण की उपयोगिता बताते हुए हर घर सोकता गड्ढा निर्माण किये जाने हेतु प्रेरित किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कटंगीकला में विशेष ग्राम सभा का आयोजन जिले से प्रकाश कुमार तारम प्रभारी परियोजना अधिकारी, गीत कुमार सिन्हा उपसंचालक पंचायत, प्रेमचंद देवांगन सहायक परियोजना अधिकारी एवं विकासखंड स्तर अधिकारी शामिल होकर वीबी जी राम जी के बारे में अवगत कराते हुए विस्तृत चर्चा की।

## सार समाचार

### अजमेर उर्स पर चादर पेश

**राजनांदगांव।** अजमेर शरीफ दरगाह के 814वें उर्स अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से भेजी गई



चादर दरगाह में पेश की गई। चादर राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के साथ राजस्थान प्रभारी अब्दुल कलाम खान ने अकीदत के साथ चढ़ाई।
इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) नेता टीकाराम जूली, विधायक रफीक खान, विकास चौधरी, अमीन कागजी, जाकिर गैसावत, धर्मेंद्र राठौर, पूर्व मंत्री नसीम अख़्तर, राजकुमार जयपाल, पूर्व चेयरमैन आबिद कागजी, अमीन पठान सहित कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चादर चढ़ाने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा भेजा गया संदेश पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान देश में शांति, भाईचारे, एकता और सद्भाव के लिए विशेष प्रार्थना की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अजमेर शरीफ दरगाह आपसी सौहार्द्र और गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। कार्यक्रम में अतिथियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### दिल्ली के सुप्रसिद्ध नस रोग विशेषज्ञ रहेंगे उपस्थित

**राजनांदगांव।** शहर में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड में अब प्रत्येक शनिवार नसों से संबंधित उपचार के लिए चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। अस्पताल प्रबंधन द्वारा कहा गया कि मरीज अब स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे। नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे, जो सिरदर्द, ब्रेन ट्युमर, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोंट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोंट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददाश्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी एवं मूत्र रोग, हृदय रोग, पेट एवं लिवर रोग, निसंतानता एवं स्त्री रोग तथा चर्म, बाल एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

### नववर्ष पर साड़ी वितरण

**राजनांदगांव।** समाजसेवा संघ के संयोजक समाजसेवी संजीव सिंघल ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर 01 जनवरी को जीई रोड पर स्थित होटल रॉयल पैलेस एवं पॉवर हाऊस के पास स्थित वृद्धाश्रम में वृद्ध माताओं को दोपहर 01 बजे लगभग 40 नई साडियां वितरित की जाएगी।

### साहिबजादों के बलिदान को किया गया याद

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में वीर बाल दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा



योजना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र सिंह ने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान को याद करते वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को साहिबजादों के अदम्य साहस, वीरता और धर्म के प्रति उनकी अटूट निष्ठा से परिचित कराना था। साहिबजादों का बलिदान केवल सिख इतिहास की नहीं, बल्कि विश्व इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना है। इतनी कम उम्र में अन्याय के खिलाफ डटे रहना हमें सिखाता है कि धर्म और सत्य के मार्ग पर चलते हुए कभी झुकना नहीं चाहिए। प्रो. चिरंजीव पाण्डे, डॉ. भारती सोनी, डॉ. अजय शर्मा, तोमेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में छात्रों की उपस्थिति में प्रो. हीरेंद्र बहादुर ठाकुर ने कहा कि वीर बालकों का बलिदान हमें यह बताता है कि धर्म की रक्षा के लिए की गई उनकी शहादत ने उन्हें अमर बना दिया। उक्त कार्यक्रम में छात्रों ने वीर बालकों के अदम्य साहस पर अपने विचार रखे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और युवाओं से साहिबजादों के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, रजिस्ट्रॉर दीपक कुमार परगनिहा, युनूस रजा बेग तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण का श्रवण किया गया।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक, दो घायल

**खुज्जी।** खुर्शीपार-नदिया मार्ग पर शुक्रवार शाम करीब 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ग्राम नदिया में तालाब के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार होन्डा साइन बाइक क्रमांक सीजी 08 एडी 4362 में सवार दो युवक खुर्शीपार से नदिया होते हुए खुज्जी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नदिया गांव में तालाब के पास खड़े ट्रक में उनकी बाइक जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक युवक पावेश दास पिता जीवन दास मानिकपुरी व दूसरे युवक की पहचान हर्षित दास पिता द्वारिका दास मानिकपुरी बताया जा रहा है। दोनों युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं ट्रक चालक चंद्रकांत साहू ने बताया कि वह ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर तालाब में नहाने गया था। नहाने के बाद वह वाहन में पूजा कर रहा था, तभी तेज रफ्तार से आ रही बाइक ट्रक से टकरा गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महापौर ने विजयी प्रतिभागियों का किया सम्मान

# छात्रों का सोशल मीडिया से दूरी व नियंत्रण आवश्यक : मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जीवन में आगे बढ़ने सकारात्मक सोच आवश्यक है। छात्र जीवन में कैरियर निर्माण एवं शिक्षा पर ध्यान केंन्द्रित करने विद्यार्थियों को समझदारी से अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए। सोशल मीडिया पर रील्स देखने में छात्रगण प्रतिदिन अपने जीवन का बहुमूल्य समय व्यर्थ कर रहे हैं, किन्तु कैरियर निर्माण के लिए सोशल मीडिया से दूरी एवं इस पर नियंत्रण आवश्यक है। उक्ताशय के विचार महापौर मधुसूदन यादव ने भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कैरियर मार्गदर्शन व युवा सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

महापौर ने आयोजन समिति छात्र युवा मंच के रक्तवीर नागेश यदु, माधव साहू, सुरेश साहू, साहिल जंघेल, दुष्यंत सेन, बालकृष्ण कोमरे, विवेक, गीतेश, चंद्रभान एवं टीम को बधाई दी।




#### मुकेश को प्रथम पुरस्कार

परीक्षा में सर्वाधिक अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को स्व. कृति चौबे की स्मृति में प्रथम पुरस्कार मुकेश चौबे द्वारा तथा द्वितीय पुरस्कार तथागत पीएससी ट्यूटोरियल्स के संस्थापक समीर गजभिये द्वारा प्रदान किया गया। शीर्ष आठ स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को महापौर मधुसूदन यादव ने अपने करकमलों से प्रशस्ति पत्र, नगद पुरस्कार व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

#### एक हजार से अधिक विद्यार्थियों ने लिया मार्गदर्शन

छात्र युवा मंच इस वर्ष भी जिले के 47 स्कूलों के 1000 से अधिक विद्यार्थियों के लिए कैरियर मार्गदर्शन, ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन दिग्विजय महाविद्यालय में सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किया। परीक्षा उपरांत मेधावी परीक्षार्थियों का सम्मान समारोह पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में दोपहर 1 से 3 बजे तक आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्षता मुकेश चौबे ने की। विशिष्ट अतिथिगण दीपक ठाकुर, महेश खंडेलवाल, प्रशांत गुप्ता, प्रियंक सोनी, नोमेश वर्मा, देवशरण सेन, नारद साहू, दुर्जन देवांगन, जितेंद्र तिवारी, भोज साहू उपस्थित रहे। प्रत्येक 47 स्कूलों के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थी को स्व. डॉ. भाविका ठाकुर की स्मृति में सलोनी स्कूल प्राचार्य दीपक ठाकुर द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया।

## तुमड़ीबोड़ में हिंदू एकता महासम्मेलन कल

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम तुमड़ीबोड़ में 28 दिसंबर को सर्व समाज



हिन्दू सम्मेलन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शताब्दी वर्ष, हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

सनातनी भारत माता को परम वैभव के शिखर पर ले जाने के उद्देश्य से समग्र हिन्दू समाज को संगठित करने, संगठित हिन्दू शक्ति का जागरण कर समाज में नई ऊर्जा चेतना एवं आध्यात्मिक शक्ति का जागरण करता है। इसी तारतम्य में समस्त हिन्दू समाज के लिए एक स्थान पर एकत्र होने का एवं रामराज्य की स्थापना के संकल्प की सिद्धि करने का उत्सव हिन्दू सम्मेलन 2025 के रूप में मनाने जा रहे हैं। समाज की एकता सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा समस्त विकास की दिशा में कदम बढ़ाएं, उक्त सम्मेलन में पूर्ण मनोयोग से सपरिवार सहभागी बने।

हिंदू एकता महासम्मेलन कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय दुर्गा मंच में सुबह 10 से 10.15 तक दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम (सभी समाज प्रमुखों द्वारा) 10.15 से 12.15 तक हिन्दू राष्ट्रोत्थान हेतु यज्ञ हवन, 12.30 से 1.30 सांस्कृतिक, धार्मिक सत्संग। गौपूजन कार्य, समाज प्रमुखों का सम्मान, संत का उद्बोधन होगा। सम्मेलन के मुख्य वक्ता बालयोगेश्वरराम बालक दास महात्यागी पाटेश्वरधाम पीठाधीश्वर, कौशलेंन्द्र प्रताप सिंह, पूजा जैन (छग प्रांत सह सेवा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद), ब्रह्माकुमारी दीदी बीके प्रभा होंगे। कार्यक्रम के बाद अंत में मोहन प्रसादी होगी। इस महासम्मेलन के आयोजक हिन्दू एकता महासम्मेलन आयोजन समिति तुमड़ीबोड़ हरदीटेका मंडल एवं क्षेत्रवासी हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक उपस्थिति की अपील की है।

## भविष्य निर्माण के लिए शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** बाल संस्कार विभाग, श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा देशभर में विद्यार्थी उज्ज्वल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन पिछले कई दशकों से हो रही है। जिसमें लाखों विद्यार्थियों का जीवन पतन से उन्नति की ओर आगे बढ़ा है।



बाल संस्कार विभाग राजनांदगांव के प्रमुख संजय साहू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बाल संस्कार के सेवाधारियों द्वारा शी त का ली न अवकाश में अलग-अलग स्थानों में विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 17 से 31 दिसंबर तक 117 गांव में विद्यार्थी शिविर का आयोजन किया जा रहा है।राजनांदगांव के अलावा डोंगरगढ़, डोंगरगांव, मोहला, मानपुर, चौकी, छुरिया, खैरागढ़, गंडई व अतरिया क्षेत्रों के गांव-गांव व आदिवासी क्षेत्रों में यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ो विद्यार्थी शिविर में शामिल हो रहे हैं। यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क है।

श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चन्द्राकर ने बताया कि शिविर में बच्चों को योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, माता-पिता व गुरुजनों का आदर व जीवन में उनका महत्व, शिक्षाप्रद कहानियां, परीक्षा में सफलता के टिप्स, बुद्धिशक्ति, मेघाशक्ति एवं स्मृति शक्ति बढ़ाने के प्रयोग, उचित खानपान, व्यसन से होने वाले नुकसान आदि के बारे में बताया व सिखाया जा रहा है।

## हिंदुओं पर अत्याचार, शिवसेना ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बांगलादेश में लगातार हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार, उनकी हत्या के मामले में आक्रोश व्यक्त करते शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने आज शहर के गुरुद्वारा चौक में बांगलादेश सरकार के प्रधानमंत्री युनूस का पुतला फूंका। शिवसेना द्वारा बांगलादेश के प्रधानमंत्री के पुतले को फांसी लगाकर शहर के फौवारा चौक से गुरुनानक चौक तक जुलूस निकाला और नारेबाजी करते युनूस का पुतला जलाया।

शिवसेना के दुर्ग संभाग अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव और प्रदेश सचिव कमल सोनी ने कहा कि बांगलादेश में हो रहे हिन्दुओं की निर्मम हत्या, मंदिरों में तोड़फोड़, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की शिवसेना घोर निंदा करती है। साथ ही बांगलादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री की चुप्पी पर आक्रोश व्यक्त करते प्रधानमंत्री युनूस का पुतला जलाया जा रहा है। बांगलादेश सरकार का पुतला दहन में शिवसेना के जिलाध्यक्ष आकाश सोनी, मुकेश साहू, संजय सरपे, शिरोमणि पगारे, संजय यादव, नीलकंठ यादव, थरवेतन साहू, धनेश साहू, गोविंद साहू, ज्ञानचंद लोढ़ा, मुन्ना यादव, प्रेमदास मानिकपुरी, हरेंद्र मालेकर, प्रकाश सोनी सहित अन्य शिवसैनिक उपस्थित थे।



#### मोदी सरकार से मांग

बांगलादेश में लगातार हिंदुओं पर अत्याचार और उनकी हत्या के मामले में केंद्र की मोदी सरकार से हिंदुओं की रक्षा को लेकर गुहार लगाई गई है। शिवसेना के पदाधिकारी ने कहा कि बांगलादेश में हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने मोदी सरकार से मांग करते कहा कि बांगलादेश को पानी, अनाज देने की मदद ना की जाए और इस मामले में कठोर कदम उठाया जाए।

# बर्फानी दादा की पंचम पुण्यतिथि पर अभिषेक व महाअनुष्ठान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बर्फानी सेवाश्रम समिति ने श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा की पंचम पुण्यतिथि पर अनेक आयोजन के तहत अभिषेक, महाअनुष्ठान एवं संगीतमय भजनों की प्रस्तुति की गई। जिसमें नगर सहित अंचल के श्रद्धालु, भक्तजन व गुरु परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि मां काली स्वरूपनी पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में 25 दिसंबर को श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा की पंचम पुण्यतिथि श्रद्धाभक्ति के साथ मनाई गई। जिसमें गुरू परिवार व अन्य भक्तजनों ने कार्यक्रम में आनंद उठाते श्री दादा के चरणों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का श्रीगणेश प्रातः परम पूज्य गुरुदेव श्री बर्फानी दादा का अभिषेक आचार्य रावल पंडित व महामंडलेश्वर गोविंद दास के मंत्रोच्चार व विधि-विधान के मध्य संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महेन्द्र लुनिया, कुलबीर सिंह छाबड़ा, सूरज जोशी,



आलोक जोशी, बलविंदर सिंह भाटिया, लीलाधर सिंह, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल, आलोक बिंदल, संतोष खंडेलवाल, छोटू भाई एवं श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। बफार्नी दादा का श्रृंगार कर चरण पूजा की गई एवं महाआरती उतारी गई।

तत्पश्चात गुरू परिवार के सदस्यों एवं भक्तों द्वारा श्री हनुमान का लांगुल पूजन मंत्रों की ध्वनि के मध्य व आचार्यों के निर्देशन में किया गया एवं श्रीयंत्र पर आधारित यज्ञशाला के यज्ञकुंड में विश्व शांति एवं जनकल्याण के लिए आहुति डाली गई। इस अवसर पर राजेश मारु, विष्णु कश्यप, हिम्मत पवार व विनय विनोद गौतम द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। इससे पूर्व श्री बर्फानी दादा की पंचम पुण्यतिथि के दो दिवसीय आयोजन के तहत 24 दिसंबर को संध्या में बर्फानीधाम व जीवन कालोनी की महिला मंडलों द्वारा सुंदरकांड, हनुमान चालीसा व भजनों की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर संस्था द्वारा विशाल भंडारा प्रसादी का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## आयुक्त ने साफ-सफाई व निर्माण का लिया जायजा

**राजनांदगांव।** प्रतिदिन सुबह साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कड़ी में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा शुक्रवार को नवागांव में साफ-सफाई का जायजा लेकर गली-मोहल्लों की नियमित सफाई करने तथा नाली निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नवागांव में साफ-सफाई निरीक्षण के दौरान आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि शहर का ग्रामीण वार्ड है, जिसे ध्यान में रखकर नियमित रूप से गली-मोहल्लों के सड़क व नालियों की सफाई कर कचरा उठावे। उन्होंने मेन रोड में रोड के दोनों छोर तक सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीड़ी श्रमिक कालोनी निरीक्षण के दौरान कालोनीवासियों से साफ-सफाई एवं पानी के संबंध में जानकारी ली। गलियों व सड़कों की सफाई के पश्चात वार्ड के उद्यान, तालाब, सार्वजनिक स्थल की भी दिन निश्चित कर अलग-अलग दिन में सफाई कराएं। आयुक्त विश्वकर्मा ने नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण कर तकनीकी अधिकारी से कहा कि



निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा नाली में समुचित ढाल हो। जिससे पानी का ठहराव न हो और बह जाए। साथ ही निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग करें तथा गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य कराना सुनिश्चित करें।




### विनोद शुक्ल की एक-एक कविता पढ़कर नांदगांव ने दी अपनी श्रद्धांजलि

# जीवन को कविता की तरह जीते थे विनोद कुमार शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नांदगांव के माटीपुत्र और पेन नोबोकोव व ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित ख्यातिनाम कवि विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर राजनांदगांव के साहित्यकारों ने भूषण और पुष्पांजलि तक ही अपनी बिरादरी को सीमित रखने के बजाय उनके लिखे हुए का स्मरण पाठ कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

पारंपरिक श्रद्धांजलि सभाओं के स्वरूप से अलग हुई इस सभा का आयोजन नांदगांव संस्कृति एवं साहित्य परिषद एवं कान्यकुब्ज सभा ने संयुक्त रूप से स्थानीय सृजन संवाद भवन में 25 दिसंबर को किया गया। जिसमें नगर के साहित्यकारों और कार्य ऊर्जा सभा के सदस्यों ने भाग लेकर शुक्ल को नगर की ओर से भावांजलि अर्पित की गई।

#### साहित्यकारों ने दी श्रद्धांजलि

शोकसभा में डॉ. शंकरमुनि राय (विभागाध्यक्ष हिंदी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय) अपने श्रद्धांजलि वक्तव्य में कहा कि शुक्ल ने अपने जीवन को कविता की तरह जिया, उनकी कविताओं की शैली बहुत सरल और सुगम, किंतु उसमें गूढ़ार्थ रहता है। उनकी कविताएं डॉ. मुक्तिबोध की कविताओं जैसी है। इस अवसर पर परिषद के महासचिव डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने संक्षिप्त में शुक्ल के संस्मरणों को साझा कर उनकी कविता-हताशा से एक व्यक्ति.... का पढ़कर श्रद्धाजंलि दी। शोकसभा में साहित्यकारों ने उनकी कविताओं का पठन कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।



#### कविताओं का किया पाठ

इसके बाद नगर के सुधीजनों व साहित्यकारों ने शुक्ल की कविताओं का पाठ कर श्रद्धांजलि दी। अजय शुक्ला ने दुनिया में अच्छे लोगों की कमी नहीं, अब्दुल सलाम कौशल ने हताशा में एक व्यक्ति, सूर्यकांत मिश्रा ने मैं अंतर्मुखी होकर, वीरेंद्र बहादुर सिंह ने तीन मीटर.., डॉ. नीलम तिवारी ने आंख बंद करने से, अनुराग सक्सेना ने अपने हिस्से का आकाश, कैलाश श्रीवास्तव ने कितना बहुत है, पवन यादव पहुना ने जो कुछ अपरिचित है वह भी मेरे लिए आत्मीय है, का पठन कर उनको याद किया। शोकसभा में छत्तीसगढ़ी राजभाषा समिति के जिला अध्यक्ष आत्माराम कोसा, विकास शुक्ला, भूपेंद्र बाजपेई एवं बड़ी संख्या में स्थानीय साहित्यकार व सुधिजन उपस्थित थे। अजय शुक्ला ने प्रस्ताव रखा कि त्रिवेणी परिसर में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कवि विनोद कुमार शुक्ल की प्रतिमा स्थापित की जाए, जिसे सभी साहित्यकारों ने समर्थन किया। शोकसभा का संचालन अखिलेश तिवारी (अध्यक्ष नांदगांव संस्कृति और साहित्य परिषद) ने किया। अंत में शुक्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## खबर संक्षेप

### सिंघनपुरी में बाबा घासीदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम सिंघनपुरी में बाबा घासीदास जयंती सत्य अहिंसा के प्रतीक जैतखाम व गुरु गद्दी की पूजा-पाठ कर जैतखाम में श्वेत का पालो चढ़ाया तथा बाबा गुरु घासीदास जयंती सुबह से लेकर शाम तक मनाई गई, दिन भर जूटे रहे सतनाम पंथ के अनुयायिओं द्वारा जहां विशाल जैतखाम की स्थापना की गई है। सुबह से देर शाम तक भुईया नापते हुए सतनाम पंथ के अनुयायिओं द्वारा गुरु द्वारा में प्रवेश लेकर विशाल जैतखाम और गुरु-गद्दी की प्रार्थना कर संकल्प लिया गया। जयंती के अवसर पर चौका-मंगल आरती और पंथी नृत्य और दिन भर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही साथ गांव में विशाल रैली निकालकर मनखे-मनखे एक समान, सत्य ही ईश्वर है ईश्वर ही सत्य है और जय-जय सतनाम का संदेश कि नारे लगाकर जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस दौरान सतनामी समाज के अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### ब्लॉक कांग्रेस कुण्डा ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की



**हरिभूमि कोलेगांव।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर छायाचित्र पर विधि विधान से पूजा अर्चना उनको याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, रोमी खनूजा, राम अवतार सिंगरौल, प्रमोद पात्रे, देवकुमार चेलक, राधे घृतलहरे, दीपक साहू, ईश्वर साहू, पिंटू सहित कांग्रेस जन उपस्थित थें।

### मंत्री गुरू खुशवंत साहब बोले मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक

# गुरु घासीदास बाबा सामाजिक चेतना और समता की अलख जगाने वाले युगदृष्टा थेः भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया/कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम रणवीपुर में विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निज निवास स्थित विधायक कार्यालय में कैबिनेट मंत्री और सतनाम समाज के धर्मगुरु गुरु खुशवंत साहेब का आगमन हुआ। इस अवसर पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने समाज के प्रतिनिधि मंडल, सदस्यों, रणवीरपुर भाजपा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान गुरु खुशवंत साहेब और विधायक श्रीमती भावना बोहरा ग्राम गौरमाटी, डोंगरिया खुर्द, कुआमालगी और बीजाभाटा में आयोजित गुरु प्रकाश पर्व गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह में शामिल हुए और जैतखाम व गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की समृद्धि एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के विचार आज भी समरस समाज का मार्गदर्शन करते हैं। पूज्य बाबा के अमूल्य विचार एवं शिक्षाएं जनकल्याण हेतु हमें सदैव प्रेरित करती है। आप सभी बाबा के बताए मार्ग का अनुसरण कर आगे बढ़ने का संकल्प लें।

गुरु प्रकाश पर्व समस्त मानव समाज के जीवन में वैभव एवं ऐश्वर्य का प्रकाश लेकर आएगा। आज देश-प्रदेश गुरु घासीदास बाबा के संदेशों को आत्मसात कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का जो संदेश दिया, वह समाज को समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सतनाम समाज के प्रतिनिधि मंडल, सदस्यगण, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### बिना किसी भेदभाव के पूरे समाज को समानता का संदेश दिया



विधायक भावना बोहरा ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा एक महान संत और सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के पूरे समाज को समानता का संदेश दिया। मनखे-मनखे एक समान का विचार आज भी सामाजिक एकता और मानव मूल्यों की सबसे मजबूत नींव है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार गुरु घासीदास बाबा के विचारों और सतनाम समाज की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होने समाज के सदस्यों और खासकर युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा गुरू घासीदास के आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका जरुर सुनिश्चित करें। गुरु घासीदास बाबा सामाजिक चेतना और समता की अलख जगाने वाले युगदृष्टा थे। उनका संपूर्ण जीवन इस बात का सशक्त उदाहरण है कि सत्य, अहिंसा और नैतिकता के बल पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

# कुई में भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



- ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की सशक्त माध्यम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

बीआर धुर्वे एवं लखन सिंह धुर्वे की स्मृति में वनांचल क्रिकेट क्लब कुई के तत्वाधान में आयोजित भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के साथ मुख्य अतिथि बनमाली धुर्वे, विशेष अतिथि बसंत बाटिया, धनंजय लहरे एवं उपसरपंच की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। आयोजन समिति द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार घोषित किए गए हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 50050, द्वितीय पुरस्कार 25025 एवं तृतीय पुरस्कार 15015 निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर सहित अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार भी खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं तथा स्व. बीआर धुर्वे एवं स्व. लखन सिंह धुर्वे को खेल के माध्यम से दी जा रही यह श्रद्धांजलि सराहनीय है। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की गई।

# भाजपा प्रदेश के नेतृत्व में पंडरिया गुरुद्वारा में मनाया गया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के दिशा-निर्देश एवं पंडरिया विधानसभा उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा के मार्गदर्शन में पंडरिया मंडल द्वारा शुक्रवार को वीर बाल दिवस पर सुबह पंडरिया गुरुद्वारा जाकर गुरु नानक देव के समक्ष मत्था टेंककर आर्शीवाद लिये। तत्पश्चात शाम को मौन जुलूस में सम्मिलित हुए वीर बाल दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इस कार्यक्रम के मंडल संयोजक प्रथम मंडल अध्यक्ष कुलदीप छाबड़ा, मंडल प्रभारी नवल किशोर पांडेय, मंडल अध्यक्ष रवीश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, चंद्रकुमार सोनी, कल्याण सिंह, विशाल शर्मा, पवन कुंभकार, गुरनाम सिंह छाबड़ा, चरणजीत सिंह सलूजा, यशपाल छाबड़ा, खेम सिंह ठाकुर, पार्षद अनुराग सिंह, बालमुकुंद धुरी, पूरन राजपूत, अमन पाठक, विशेष रूप से सिक्ख समाज के वरिष्ठ जन, मातृ शक्तियां सभी का सहयोग रहा।

# सारंगपुर खुर्द में गौरव पथ निर्माण कार्य जोरों पर

- ग्रामीण रहवासियों ने डिप्टी सीएम का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



कवर्धा जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में गांव व गलियो की तस्वीर बदलने के लिए ग्रामीणों की मुद्दों और मांग तथा कई वर्षो से बुनियादी समस्याओं जैसे बिजली, पानी, शिक्षा, सड़क, सेहत व स्वच्छता तथा पक्की नाली व सीसी नाली और आवास को लेकर लगातार छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर खुर्द में गौरव पथ निर्माण हेतु 41 लाख की स्वीकृति राशि प्रदान की गई, स्वीकृति राशि मिलते ही ठेकेदार ने अब गांव की गलियों को साफ-सफाई कर गिट्टी का चूर्ण डाल रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रेत, गिट्टी व सीमेंट से 500 मीटर तक गौरव पथ सीसी व नाली निर्माण किया जाएगा, जिसकी तैयारी ठेकेदार ने युद्ध स्तर पर जुट गए हैं। गांव में गौरव पथ निर्माण होने तथा विकास कार्य की शुरूआत होने से अब बरसात और गर्मी के दिनों में लोगों को बुनियादी सुविधा मिलने वाले हैं, गौरव पथ का कार्य शुरू होते ही गांव में भारी उत्साह और हर्ष का माहौल बना हुआ है। क्योंकि बरसात और गर्मी के दिनों में आम लोगों को बुनियादी समस्या से राहत मिलेगी सारंगपुर खुर्द के सभी ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा को लोहार की संज्ञा दी एक कहावत बताया की सोनार की ठुक ठुक तो लोहार की घन एक बार जैसे डिप्टी सीएम ने गौरव पथ के लिए 41 लाख स्वीकृति प्रदान की गई, जिस पर सभी ग्राम सारंगपुर खुर्द निवासी तथा ग्रामीण नागरिकों ने आभार व्यक्त करते हुए हर्ष जताया।

# चार दिवसीय मुस्कान हॉकी कप प्रतियोगिता में शामिल हुए विजय शर्मा




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पंचायत बोड़ला में आयोजित चार दिवसीय मुस्कान हॉकी कप राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 के अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राज्यभर से आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनके उत्साह और खेल भावना की सराहना की। उन्होंने बोड़ला की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ममतेश्वरी लहरें, राजनांदगांव की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अनिशा साहू, कोच चौहान सहित अन्य प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बोड़ला क्षेत्र में हमारी बेटियों का दबदबा है। यहां की बेटियां राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जो पूरे जिले और छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत बोड़ला में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और अभ्यास का वातावरण मिल सके। उल्लेखनीय है कि वनांचल क्षेत्र बोड़ला हॉकी एवं अन्य खेलों की प्रतिभाओं के लिए जाना जाता है। इस क्षेत्र के सैकड़ों खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास करते हैं तथा यहां के कई खिलाड़ियों का भारतीय टीम में भी चयन हो चुका है। राज्यस्तरीय मुस्कान हॉकी कप प्रतियोगिता से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।

### आरपीएस स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव झंकार का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन में कक्षा नर्सरी से हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल तक के बच्चों एक से बढ़कर एक मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि डॉ पीपी चन्द्रवंशी, पूर्व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा, विशिष्ट अतिथि डॉ आदित्य चन्द्रवंशी, निदेशक रामकृष्ण शिक्षण समिति के रूप में उपस्थित थें। द्वितीय दिवस में निखिल अग्रवाल जिला वन अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में मेधावी बच्चें के पालकों को अतिथि बनाया गया था, जिसमें जगतारन डहरिया, गौकरण, बसंत यादव, बलीराम चन्द्रवंशी, दीपक शर्मा एवं पीलाराम चन्द्राकर उपस्थित थें तथा तृतीय दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश्वर प्रसाद चंदेल, कमांडेट 17वीं बटालियन तथा सुश्री मोनिका परिहार उपपुलिस अधीक्षक 17वीं बटालियन तथा लालजी चन्द्रवंशी, राज्य प्रतिनिधि सर्व कूर्मी क्षत्रीय समाज उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरूआत में पहले दिन स्कूल में पढ़ने वाले (कक्षा नर्सरी से 2रीं तक के) नन्हें-मुन्नें बच्चे रंग-बिरंगे पोशाकों से सुसज्जित होकर एक शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं दूसरे दिन कक्षा 3रीं से 6वीं तक के बच्चों ने भी शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी तथा तीसरे दिन भी माध्यमिक, हाई स्कूल, हॉयर सेकेण्डरी के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का मन मोह लिया। तीन दिनों तक चल रहे वार्षिक उत्सव समारोह में विद्यालय के नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में देश की विभिन्न संस्कृतियों को नृत्य के माध्यम से बच्चों ने प्रस्तुत किया। और अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। तेलुगु, संबलपुरी और छत्तीसगढ़ी लोक संगीत पर बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति को दर्शकों के द्वारा सराहा गया। वहीं गरबा नृत्य ने लोगों को रोमांचित कर दिया। वहीं पहलगाम में हुए आतंकी हमले का नृत्य के माध्यम से बड़े ही सजीव ढंग से प्रदर्शित किया गया, जिससे लोगों की आंखे नम हो गई। 90 दशक के डांस, बारामासी डांस को भी काफी सराहना मिली इसके अलावा छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा रिकार्डिंग डांस की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के शुरूआत में ही प्रथम दिवस में विद्यालय की पीआरटी इंचार्ज (प्राथमिक प्रभारी) सुश्री मंजुरी पाण्डेय, द्वितीय दिवस में सुश्री श्रीजल शर्मा टीजीटी इंचार्ज व तृतीय दिवस मं शुभम पाण्डेय टीजीटी द्वारा विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया, जिसमें उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों पर सिलसिलेवार ढंग से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विद्यालय के बच्चे आई आई टी, मेडिकल कॉलेज व खेल के क्षेत्र में अपने प्रदर्शन से आज जिले व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। अतिथियों द्वारा खेल एवं अन्य गतिविधियों में राज्य स्तरीय उच्च प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# दामापुर में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनायी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



ग्राम पंचायत दामापुर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया, जहां आस-पास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को अपना श्रद्धा-सुमन अर्पित किए साथ ही साथ अटल बिहारी वाजपेयी को विश्व के सबसे महान जन नेता के रूप में याद किया।

जिस पर अश्वनी यदु ने कहा की अपना पूरा जीवन देश, संस्कृति और विचारधारा के लिए कैसे समर्पित किया जा सकता है, अटल बिहारी का जीवन इसका उत्कृष्ट उदाहरण है, अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे, जिनको पूरा विश्व सम्मान करता था और और आज भी करता है, अपनी जन्मभूमि का स्थान सबसे ऊपर रखना यह अटल के जीवन दर्शन से सीखा जा सकता है दल कोई भी हो हर किसी ने अटल को सम्मान दिया। दामापुर बाजार सरपंच बहादुर खान ने कहा की हमारे देश के सम्मान अभिमान थे, अटल बिहारी वाजपेयी पूर्व प्रधानमंत्री की जीवन प्रेरणा से भरा हुआ है, देश को एक धागे में पिरोकर रखने का असाधारण कला था अटल के पास चाहे बच्चा हो या बुजुर्ग हर धर्म के लोग हमेशा अटल को सदैव सम्मान की नजरों से देखते है। आज सभी क्षेत्रवासियों द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप नारायण साहू, दरोगा कुम्भकार, उमेंद यदु, भागवत घृतलहरे, छेदी कुम्भकार, सुखनन्दन चंद्राकर सहित ग्राम के पंचगण एवं ग्रामवासी जन उपस्थित थें।

### कला-संस्कृति को दूर-दूर तक पहचान दिलाने का कार्य अटल जी से ही संभव हो सका

# छत्तीसगढ़ निर्माता एवं प्रख्यात कवि थे अटल बिहारी वाजपेयी




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अरूण साव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन तथा विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप भारत के दसवें प्रधानमंत्री के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 101 वीं जयंती अवसर पर नगर पंचायत पिपरिया में अटल परिषर का निर्माण किया गया है। नगर के शंकर तालाब के पास निर्मित अटल परिषर का वर्चुअल लोकार्पण विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में सियाराम साहू पूर्व संसदीय सचिव, मोतीराम चंद्रवंशी पूर्व संसदीय सचिव, संतोष पटेल महामंत्री जिला भाजपा, मुकेश अग्रवाल पूर्व सभापति जिला पंचायत, प्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा मंडल, लोकेश साहू महामंत्री भाजपा मंडल व नपं अध्यक्ष घुरूवाराम साहू, उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, नगर पंचायत के सभापतिगण राजेन्द्र गुप्ता, श्रीमती नंदनी पाटिला, कमलकांत नाविक, श्रीमती संध्या देवांगन, पार्षद गण सोम पटेल, चित्रबाहु देवांगन, श्रीमती भारती नाविक, प्रेमलाल साहू, श्रीमती अशलेखिया साहू, दुर्गेश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल, खेमराज साहू उपस्थित थें।

लोकार्पण कार्यक्रम में सियाराम साहू व संतोष पटेल ने बारी-बारी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी बाजपेयी के द्वारा प्रधानमंत्री रहते हुए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनांतर्गत गांव को शहर से जोड़ने तथा सुशासन के तहत देश के लिए विभिन्न अनुकरणीय कार्य के अलावा अटल बिहारी द्वारा लिखे गए कविताओं के पंक्तियों पर प्रकाश डालते हुए उनकी स्मृतियों को याद किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष घुरूवाराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा देश के 10 वें पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने 01 नवम्बर 2000 में छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य के रूप में हम छत्तीसगढ़ियों के सपनों को साकार किया साथ ही कला-संस्कृति को दूर-दूर तक पहचान दिलाने का कार्य अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा ही संभव हो सका। ऐसे व्यक्तित्व के धनी, कवि हृदय, भारत रत्न प्राप्त अटल बिहारी वाजपेयी हमारे गौरव थे। उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए संचार सेवाओं का तीव्रता से विकास की गति को अंजाम दिए, जिसके परिणाम स्वरूप आज देश के हजारों लाखों नागरिकों के हाथों में मोबाईल है। हर भारतवासी आज उन्हें संचार क्रांति के जनक के रूप में याद करते हैं। उन्होंने कहा नगर पंचायत पिपरिया में अटल परिषर का सपना पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल के द्वारा देखा गया था, जो आज साकार हुआ है। इसके लिए विक्की अग्रवाल आभार व्यक्त किया। नगर पंचायत पिपरिया को विकसित करने-तीव्रता देने के फलस्वरूप अपने विशिष्ट पहचान के रूप में ख्याति लब्ध है। इस लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों-निकाय के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों को अपनी अमूल्य समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाने पर आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में पिपरिया मण्डल के सभी पदाधिकारी, निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर सिंह नेताम, समस्त अधिकारी-कर्मचारियों सहित नंदा पाटिला, रविन्द्र देवांगन, नरेश साहू एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# जिला साहू संघ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धरमराज साहू के नेतृत्व में राजिम जयंती की बैठक



**हरिभूमि कवर्धा।** जिला साहू संघ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धरमराज साहू के नेतृत्व में माता राजिम जयंती के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक लोहारा रोड स्थित दानवीर भामाशाह परिषर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में साहू समाज के परिक्षेत्र एवं मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी, वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित थें। बैठक में माता राजिम जयंती को सामाजिक एकता एवं संगठनात्मक मजबूती के प्रतीक के रूप में भव्य रूप से मनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान आगामी 07 जनवरी को राजिम में आयोजित माता राजिम जयंती में समाज के अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया तथा समाजजनों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धरमराज साहू ने कहा कि प्रदेश साहू संघ ने मुझ पर साहू समाज की सेवा करने का जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं पूरे समाज का आभार व्यक्त किया। माता राजिम जयंती केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने और नई पीढ़ी को अपने इतिहास एवं संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सभी के सहयोग से इस वर्ष आयोजन को और अधिक भव्य व सफल बनाया जाएगा। बैठक का समापन समाजिक एकता, अनुशासन एवं संगठन को मजबूत करने के संकल्प के साथ किया गया। इस बैठक में घुरवा राम साहू, परस साहू, पतिराम साहू, शीतल साहू, धर्मराज साहू, राधेश्याम साहू, डॉ जलेश्वर साहू, श्रवण साहू, मिलु साहू, विजय साहू, राजेलाल साहू, सहदेव साहू, गणेश साहू, लालचंद, तुलसी साहू, आनंद साहू, कृष्णा साहू, प्रकाश साहू, वेद साहू, बालाराम साहू सहित जिले के सभी सामाजिक बंधु व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। प्रदेश भर में जिला साहू संघों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में कवर्धा जिला साहू संघ में धरम राज साहू को निर्विरोध जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो पूरे प्रदेश में एक उदाहरण है। नवनियुक्त पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष कौशल साहू, मनीषा साहू, संगठन सचिव लोकचंद साहू एवं कौशिल्या साहू को समाजजनों ने बधाई दी और उनके नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास जताते हुए माता राजिम जयंती आयोजन को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

अनदेखी: हमेशा लटका रहता है भवन में ताला, भवन की सीढ़ी में बैठे रहते हैं किसान

# किसानों को नहीं मिल रहा बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित तहसील कार्यालय में अपने कामकाज लेकर पहुंचने वाले जिले के किसानो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने लाखों रूपए की राशि खर्च कर तहसील कार्यालय परिसर में ही बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस का निर्माण कराया है। हाल ही में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने इस नवनिर्मित बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस का लोकार्पण कर किसानो को समर्पित भी कर दिया है। लेकिन तहसील कार्यालय पहुंचने वाले किसानो की माने तो उनके लिए और उनके नाम से बनवाए गए इस बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस का उनको कोई लाभ नहीं मिल रहा है। किसानो ने बताया कि इस बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस में हमेशा ताला लटका रहता है। ऐसी स्थिति में अगर दूर दराज से आने वाले किसान यहां आराम करना चाहे या शौचालय आदि का उपयोग करना चाहे तो उन्हे इसकी सुविधा नहीं मिल रही है। मजबूरन किसानो को सदन की सीढ़ियों में ही बैठकर समय गुजारना पड़ता है। किसानो का कहना है कि अगर बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस वास्तव में किसानो के लिए बना है तो इसे कार्यालयीन समय और दिवस में खुला रहना चाहिए ताकि किसान इसका उपयोग कर सकें। लेकिन भगवान जाने इस बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस की जिम्मेदारी किसे दी गई है जो इसमे हमेशा इसमें ताला लगाकर रखता है।

### प्रदेश का पहला बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस




यहां बताना लाजिमी होगा कि जिला मुख्यालय कवर्धा के तहसील कार्यालय परिसर में निर्मित बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस प्रदेश का पहला बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस है। करीब 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस पूरी तरह से सर्व सुविधा युक्त है। नवनिर्मित किसान रेस्ट हाउस में एयर कंडीशन युक्त कक्ष, ठंडा पेयजल के लिए वाटर कूलर, मनोरंजन के लिए टीवी, स्वच्छ शौचालय, बैठने की आरामदायक व्यवस्था, साफ-सफाई और जल सुविधा जैसी सभी आवश्यक इंतजाम हैं। इसके लोकार्पण पर दलील दी गई थी कि जिले में प्रवास के लिए आने वाले किसानों के ठहरने की सुविधा के लिए इसे तैयार किया गया। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि आज यह लाखों का बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस किसानो को मुंह चिढ़ाते हुए प्रतीत हो रहा है।

# भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में अब तक किसानों को 24.85 करोड़ का भुगतान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के अंतर्गत गन्ना किसानों को अब तक कुल 24.85 करोड़ रूपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार और कलेक्टर गोपाल वर्मा के सतत मार्गदर्शन में कारखाना प्रबंधन द्वारा गन्ना किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा पेराई सीजन 2025-26 में आज दिनांक तक 24.85 करोड़ का भुगतान भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफआरपी 329.05 किसानों को उनके बैंक खाते में कर दिया गया है। इस प्रकार तत्काल राशि प्राप्त होने से क्षेत्र के गन्ना किसानों में हर्ष व्याप्त है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा के प्रबंध संचालक जीएस शर्मा ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 के अंतर्गत 105975 मे.टन गन्ने की पेराई कर अब तक 109565 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। यह उपलब्धि शेयर धारक गन्ना उत्पादक किसानों के सहयोग और कारखाना प्रबंधन के कुशल संचालन का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य शासन की गन्ना नीति के तहत कारखाने द्वारा गन्ना उत्पादकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर, उनकी आर्थिक स्थिरता को मजबूत किया जा रहा है। कारखाना प्रबंधन ने गन्ना किसानों से अपील की गई है कि गन्ना उत्पादक किसान कारखाने में परिपक्व, साफ-सुथरा, बिना अगवा और बिना जड़ वाला गन्ना आपूर्ति करें। इससे रिकव्हरी प्रतिशत में वृद्धि होगी, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### सद्भावना शिविर का आयोजन 30 दिसंबर को

**कवर्धा।** अनुसूचित जातियों के विकास एवं कल्याण तथा उनके प्रति व्याप्त अस्पृश्यता के सामाजिक कलंक को समाप्त करने एवं जनमानस में जागरूकता लाने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में सद्भावना शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 30 दिसंबर 2025 को ग्राम एवं ग्राम पंचायत तारो, विकासखंड बोड़ला में एक दिवसीय सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त सामाजिक रूढ़ियों, कुरीतियों एवं भेदभावपूर्ण मानसिकता के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाते हुए स्वच्छ, निर्मल एवं समरस सामाजिक वातावरण का निर्माण करना है।

# ग्राम पंचायत सूखाताल में नहीं बैठ रही सरपंच सचिव की पटरी

- सचिव समर्थकों ने सरपंच पर लगाए आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले की जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत सूखाताल में ग्राम सरपंच और सचिव के बीच जंग छिड़ी हुई है। आलम ये है कि कभी ग्राम सरपंच अपने समर्थक ग्रामीणों की फौज लेकर जिला कार्यालय पहुंचकर सचिव की शिकायत कर रहे हैं तो कभी सचिव अपने समर्थक ग्रामीण और पंचों की भीड़ लेकर कलेक्टोरेट पहुंचकर सरपंच की शिकायत करते दिखाई दे रहे है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ दिन पूर्व ही ग्राम सरपंच श्रीमती नेहा वर्मा और उनके पति ग्राम पंचायत सूखाताल के सचिव अशोक वर्मा पर आरोप लगाते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था कि श्री वर्मा अपने मूल निवासी, ग्राम पंचायत सुखाताल जनपद पंचायत कवर्धा जिला कबीरधाम में सचिव पद पर 23 सितम्बर 2024 से अतिरिक्त प्रभार पदस्थ है। जिसके द्वारा मतदाता सूची के प्रथम प्रकाशन में ही लगभग 200 से 250 मतदाताओं को बिना सूचना दिए एक वार्ड से दूसरे वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिससे आगामी पंचायत चुनाव में गृह ग्राम सुखाताल में पदस्थ होने के कारण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रभावित किए जाने की पूर्ण आशंका है। ग्रामीणों ने इस स्थिति को लेकर हुए पंचायत सचिव श्री वर्मा ग्राम पंचायत सूखाताल से तत्काल हटाए जाने की मांग की थी। वहीं अब सचिव समर्थकों ने ग्राम सरपंच और उनके पति के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शुक्रवार को जिला कार्यालय पहुंचकर लम्बी चौंड़ी शिकायत दर्ज कराई है।



सरपंच और उनके पति की शिकायत करने पहुंचे ग्राम पंच राजेन्द्र वर्मा, सुशील वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, धनीराम वर्मा, शिवकुमार साहू, श्रीमती सिया बाई पति शुरूराम वर्मा, सतिबाई पति सनत साहू, श्रीमती बबिता हरिचंद कुर्रे सहित ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सूखाताल सरपंच श्रीमती नेहा वर्मा और उनके पति द्वारा मनमानी करते हुए ग्राम विकास को रोका जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच श्रीमती नेहा वर्मा विगत 08 माह से ग्राम पंचायत की बैठक में उपस्थित नहीं हुई है जबकि इस बीच करीब 15 बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। वहीं पंचों व ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत में स्वीकृत सार्वजनिक शौचालयों निर्माण राशि 4.50 लाख, हाई स्कूल मरम्मत कार्य राशि 1.60 लाख, शौचालय मरम्मत हाई स्कूल राशि 10.30 लाख तथा मनरेगा योजनांतर्गत कार्य प्रारंभ को सरपंच द्वारा राशि स्वीकृत होने के बाद भी अनावश्यक रूप से रोक कर रखा गया है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों तथा पंचो ने ग्राम पंचायत सरपंच को तत्काल पद से हटाए जाने की मांग की है।

# घने कोहरे पर परिवहन विभाग का अलर्ट वाहन चालकों से सतर्कता बरतने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में घने कोहरे के कारण हुए भीषण सड़क हादसों को दृष्टिगत रखते हुए जिला परिवहन विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। हाल के दिनों में यमुना एक्सप्रेसवे एवं दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते कई वाहन आपस में टकरा गए, जिनमें अनेक लोगों की मृत्यु हुई है तथा कई लोग घायल हुए हैं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला परिवहन विभाग ने जिले के समस्त यात्री बस संचालकों एवं कमर्शियल वाहन चालकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। परिवहन विभाग द्वारा जारी अपील में बताया गया है कि कोहरे में वाहन चलाते समय हेडलाइट को हमेशा लो-बीम मोड पर रखें, क्योंकि हाई-बीम लाइट कोहरे में सहायक नहीं होती। यदि वाहन में फॉग लैम्प उपलब्ध हों तो उनका अनिवार्य रूप से उपयोग करें। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि कोहरे में न केवल स्वयं देख पाना, बल्कि अन्य वाहन चालकों को दिखाई देना भी अत्यंत आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए वाहन चालकों से निम्नलिखित सावधानियां अपनाने की अपील की गई है। कोहरे में हमेशा धीमी गति से वाहन चलाएं, हेडलाइट एवं पार्किंग लाइट चालू रखें, फॉग लैम्प का उपयोग करें ताकि वाहन दूर से दिखाई दे तथा ओवरटेक करने से बचें।

# कुआंमालगी में गुरु बाबा घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुआंमालगी में गुरु बाबा घासीदास जयंती के अवसर पर झंडा रोहण, सतनाम संदेश शोभा यात्रा एवं भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा ने की। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, जनपद पंचायत पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती नंदनी राजकुमार साहू, उपाध्यक्ष सत्र किशोर सानू तिवारी, सभापति सुखचंद भास्कर एवं ग्राम पंचायत सरपंच लीलाराम साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। अतिथियों द्वारा बाबा गुरु घासीदास के चित्र पर पूजा-अर्चना, दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने गुरु घासीदास के संदेश मनखे-मनखे एक समान को समाज को जोड़ने वाला जीवन दर्शन बताया। उन्होंने कहा कि बाबा घासीदास ने सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलकर भेदभाव रहित समाज की नींव रखी। सभी ने संकल्प लिया कि वे समाज में प्रेम, भाईचारा और समानता बनाए रखेंगे तथा नशा, हिंसा और भेदभाव से दूर रहेंगे। कार्यक्रम में शिक्षा को बढ़ावा देने तथा तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट और शराब जैसे नशीले पदार्थों से दूर रहने का संदेश भी दिया गया। साथ ही राज्य सरकार के दो वर्षो के कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। सतनाम समाज के आयोजक गढ़ सतनदास (जिला महंत कबीरधाम), बिश्राम सोनवानी (राज महंत), विष्णु सोनवानी, जगदीश कुर्रे, धरम सोनवानी, द्वारका बंजारे, सुखनंदन भास्कर सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, ग्रामवासी, आसपास के गढ़ों के प्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थें। कार्यक्रम में तुलसी कापा की शानदार पंथी नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया, वहीं अखाड़ा टीम के प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। ग्रामवासियों की मांग पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा ग्राम में 8 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की घोषणा की गई, जिस पर उपस्थित जनसमुदाय ने हर्ष व्यक्त किया।



# वन और वन्यजीव अपराध रोकने जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सहसपुर सर्किल अंतर्गत वन एवं वन्यजीव अपराधों की रोकथाम और ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण जन - जा ग रू क ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मंडल अधिकारी (वन) शिवेन्द्र भगत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वन एवं वन्यजीव संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अपने उद्बोधन में भगत ने अनुसूची-1 में शामिल वन्य प्राणियों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये प्राणी अत्यंत संरक्षित श्रेणी में आते हैं तथा इनके शिकार, क्षति या अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है।



कार्यक्रम के दौरान किसानों को फसलों की सुरक्षा के नाम पर विद्युत करंट का प्रयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई। भगत ने स्पष्ट रूप से बताया कि 11 केवी विद्युत लाइनों से अवैध हुकिंग कर खेतों में करंट फैलाना गंभीर अपराध है, जिससे न केवल वन्यजीवों बल्कि मानव जीवन को भी गंभीर खतरा होता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं भी इस प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो उसकी जानकारी तुरंत वन विभाग अथवा विद्युत विभाग के लाइनमैन को दें। इसके साथ ही उन्होंने वन्य प्राणियों के गांवों एवं रिहायशी क्षेत्रों की ओर आने के कारणों की जानकारी देते हुए कहा कि जंगलों में भोजन, पानी और सुरक्षित आवास की कमी के चलते वन्यजीव मानव बस्तियों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में वनों की कटाई रोकना और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में एंटी स्नेर वॉक के अंतर्गत ग्राम बड़ौदा खुर्द के राजस्व क्षेत्र में मिले पगमार्क के संबंध में ग्रामीणों को सतर्क किया गया। वन अधिकारियों द्वारा वन्यजीव सुरक्षा, अवैध शिकार पर रोकथाम तथा वनों की कटाई न करने को लेकर आवश्यक समझाईश दी गई।

### रासेयो का सात दिवसीय शिविर सम्पन्न




**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम रेंगाखार खुर्द बरपेला टोला टोला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पूरे सप्ताह विविध सामाजिक शैक्षिक, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जागरूकता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ स्वयंसेवकों ने ग्राम समुदाय में जन जागरूकता का अलख जगाया। शिविर का उद्घाटन ग्राम के उपसरपंच कृष्णा पटेल एवं होम्योपैथी डॉक्टर अतुल देव वर्मा की उपस्थिति में किया गया। डॉ. अतुल देव वर्मा ने होम्योपैथी के माध्यम से चिकित्सा पद्धति की जानकारी स्वयंसेवकों को प्रदान की। कार्यक्रम अधिकारी सुजीत गुप्ता ने बताया कि बौद्धिक सत्र अंतर्गत महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन एवं भर्ती धुर्वे केस वर्कर ने जीवन का अधिकार, विकास का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, सहभागिता का अधिकार पर विस्तृत चर्चा किया। हेमधर साहू व्याख्याता के द्वारा जल संरक्षण एवं कचरा प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान देते हुए नदी के किनारे एवं गोठान प्रांगण में प्रेरक गीतों के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंकज सिंह ठाकुर सेवानिवृत्ति व्याख्याता ने पर्यावरण एवं उसकी सुरक्षा पर जोर दिया। नीलम यादव व्याख्याता के द्वारा सात दिवसीय शिविर में व्यवस्थापन मैनेजमेंट के द्वारा अनुशासित ढंग से रहने के संबंध में जानकारी प्रदान किया। अजय चंद्रवंशी जिला संगठन आयुक्त के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने जीवन काल के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राजेश तिवारी ने डिजिटल इंडिया के संबंध में जानकारी देते हुए डिजिटल अरेस्ट पर अपने विचार साझा किया साथ ही रितिका तिवारी एमबीबीएस छात्रा एवं आस्था सिंह परिहार एलएलबी छात्रा के द्वारा स्वयंसेवकों को लगातार परिश्रम का अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी गई। जिला संगठन कबीरधाम एवं बेमेतरा डॉ. केएस परिहार मैडम द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य लक्ष्य एवं समाज सेवा के साथ स्वयं के व्यक्तित्व के विकास विषय पर सारगर्भित जानकारी देते हुए पूरे टीम को अनुशासित बताया। कार्यक्रम का समापन समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण कर किया गया।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मार्गदर्शन में गांव-गांव की प्रतिभा को मिल रहा मंच

# केपीएल कवर्धा प्रीमियर लीग कप अनावरण के साथ सुपर नॉकआउट दौर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर के स्थानीय करपात्री मैदान में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित केपीएल कवर्धा प्रीमियर लीग रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण की गुरुवार, 25 दिसंबर को रात्रि 7 बजे कप अनावरण समारोह के साथ भव्य शुरुआत हुई। इस आयोजन का मूल उद्देश्य गांव-गांव और पंचायत-पंचायत से छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देना, युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाना तथा जिले में खेल संस्कृति को सशक्त करना है। इसी उद्देश्य के साथ भाजपा संगठन के अंतर्गत बने 7 मंडलों में इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत स्तर से लगभग 325 टीमों ने भाग लिया। प्रथम चरण के लीग मुकाबलों के बाद अब 28 चयनित टीमें सुपर नॉकआउट दौर में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जिनसे आगे सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। दूसरे चरण की शुरुआत विजेता टीम के लिए कप अनावरण के साथ की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, रामकिंकर वर्मा ,जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ठाकुर रघुराज सिंह, सुरेश दुबे ,युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीराम साहू, शहर मंडल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीर सिंग पटेल खिलेश्वर साहू, रवि राजपूत, विजय पटेल,श्रीकांत उपाध्याय,अजय कुमार ठाकुर, नितेश छाबड़ा ,दीपक चंद्रवंशी ,दुर्गेश अवस्थी, योगेश चंद्रवंशी, डोनेश ठाकुर, दीपक सिन्हा, सुनील साहू सहित जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी, केपीएल के मंडल प्रभारीगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। दूसरे दौर के उद्घाटन के दिन सुपर नॉकआउट राउंड में दो मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में बदराडीह ने सिंघनपुरी को पराजित किया, वहीं दूसरे मुकाबले में कवर्धा वार्ड क्रमांक 09 की टीम ने नेवारी पर जीत दर्ज की। दोनों ही मैचों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा और दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला।




# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अवैध मदिरा पान पर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आगामी नव वर्ष के अवसर पर कानून व्यवस्था एवं सार्वजनिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में आबकारी विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके तहत संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने प्रभार क्षेत्र अंतर्गत संचालित मदिरा दुकानों में निरंतर सघन जांच एवं गश्त करने, भीड़ नियंत्रण एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि होटल, ढाबा, रेस्टॉरेंट, पार्टी हॉल, लॉन एवं अन्य सार्वजनिक अथवा व्यावसायिक स्थलों में बिना वैध अनुमति के मदिरा पान कराए जाने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरती जाए। साथ ही सभी होटल, ढाबा, रेस्टॉरेंट, पार्टी हॉल एवं लॉन संचालकों को यह जानकारी प्रसारित की जाए कि यदि नव वर्ष के अवसर पर पार्टी आयोजित की जाती है, तो मदिरा परोसने के लिए एफएल -5 लायसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा। यह भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी होटल, ढाबा अथवा रेस्टॉरेंट में स्वीकृत एफ.एल-5 लायसेंस के बिना मदिरा पान की अनुमति नहीं दी जाएगी। बिना अनुमति मदिरा पान कराते पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई तत्काल की जाएगी। इसके अतिरिक्त, यदि किसी प्रतिष्ठान द्वारा एफएल -5 लायसेंस के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाता है, तो प्रकरण का परीक्षण नियमानुसार समय-सीमा में किया जाए तथा सभी शर्तों की पूर्ति होने पर ही लायसेंस जारी किया जाए।

साथ ही लायसेंस की शर्तों के अनुरूप कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। अंत में निर्देशित किया गया है कि इस संबंध में की गई समस्त कार्रवाई की जानकारी प्रतिवेदन सहित अनिवार्य रूप से कार्यालय को अवगत कराई जाए तथा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।